नव प्रदेश

www.navpradesh.com

रायपुर, सोमवार 1 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-259 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

उत्तरप्रदेश के मतदाताओं की लाटरी लगने जा रही है। उनके वोट कबाड़ने के लिए राजनीतिक दलों में प्रलोभन परोसने की होड़ लग गई है। कोई मुफ्त लेपटॉप, तो कोई मुफ्त स्कूटी, तो कोई मुफ्त बिजली देने के वादे कर रहा है। किसानों का कर्जा माफ करने की लगभग सभी दलों ने घोषणा की है। अभी इनके चुनावी घोषणा पत्र आएंगे उसमे भी न जाने क्या-क्या मुफ्त देने के वादे होंगे। वोट खरीदने कि इस कवायद पर चुनाव आयोग ने तो चुप्पी साध रखी है लेकिन सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेकर इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगानी चाहिए।

सूर्योदय

उदय : 6:28 प्रातः

अस्त : 5:32 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,903,533,710

भारत : 1,398,381,222

बाजार

सेंसेक्स : 59,306.93

निफ्टी : 17,671.65

गोल्ड : 47,740 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.69 प्रति नग

दिवस

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना 1 नवंबर 2000 में हुई थी। छत्तीसगढ़ का पौराणिक नाम कौशल राज्य (भगवान श्री राम का ननिहाल) है। लगभग 300 साल पहले, गोंड जनजाति के शासनकाल के दौरान, राज्य का नाम छत्तीसगढ़ पड़ा। छत्तीसगढ़ राज्य मध्य भारत में एक घने जंगलों वाला राज्य है, जो अपने मंदिरों और झरनों के लिए प्रसिद्ध है। छत्तीसगढ़ को मध्य प्रदेश से अलग किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य को 'भारत का चावल का कटोरा' के रूप में भी जाना जाता है।

उत्तर प्रदेश में सीएम बघेल के दौरे क्यों करा रही है कांग्रेस, इस जाति के वोट साधने का है प्लान

छत्तीसगढ़ मॉडल की तर्ज पर यूपी के हर बूथ पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर रहे सीएम बघेल

■ **गोरखपुर से प्रियंका ने भाजपा को ललकारा, बघेल ने योगी को बताया बुलडोजरनाथ**

गोरखपुर (नवप्रदेश)। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के जरिए उत्तर प्रदेश की सत्ता के करीब पहुंचने के लिए प्रियंका गांधी की अगुवाई में कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। आज प्रियंका सीएम योगी के गढ़ गोरखपुर पहुंची हैं। प्रियंका ने गोरखपुर से भाजपा को जमकर ललकारा। उनसे पहले छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश सिंह बघेल ने भी सीएम योगी पर सीधा हमला बोलते हुए उन्हें 'बुलडोजरनाथ' बता दिया। सीएम बघेल को कांग्रेस ने यूपी विधानसभा चुनाव का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पिछले कुछ दिनों से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूपी में कुर्मी वोट को साधने में जुटे बघेल

राजनीतिक जानकारों का कहना कि साफ नजर आ रहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के जरिए कांग्रेस उत्तर प्रदेश में कुर्मी जाति के वोटरों को साधने की कोशिश में है। बघेल कुर्मी जाति से ताल्लुक रखते हैं। उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में इस जाति के मतदाता हैं। बघेल के जरिए उत्तर प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस की रणनीति इस जाति के वोट बैंक को आकर्षित करने की है। कांग्रेस को लगता है कि बघेल के नाम पर यह वर्ग उनकी ओर आकर्षित हो सकता है। गोरखपुर की सभा में प्रियंका ने भाजपा के साथ-साथ सपा पर भी जोरदार हमला बोला है। प्रियंका ने कहा कि सपा-बसपा के राज में प्रदेश बदहाल हो गया आज सपा उन पर भाजपा जैसी पार्टी होनका आरोप लगा रही है। जाहिर है यूपी के मैदान में कांग्रेस कभी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बघेल टीम दे रही योगी को चुनौती

ओबीसी मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस संदेश देना चाह रही है कि उनके दल में यदि कोई पिछड़ों का सबसे बड़ा नेता है तो वो भूपेश बघेल हैं। उधर, छत्तीसगढ़ से आई बघेल की टीम ने भी सीएम योगी को चुनौती देने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। यूपी में बघेल के धुआंधार दौरे हो रहे हैं। यूपी के चुनाव में वह पूरी तरह सक्रिय नज़र आ रहे हैं। उन्होंने यहां के चुनाव का मैनेजमेंट संभालकर प्रियंका के साथ कांग्रेस की रणनीति को अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया है। गोरखपुर की प्रतिज्ञा रैली में बघेल ने सीएम योगी पर हमला बोलते हुए कहा कि नाथ संप्रदाय में तो गरीब, वंचित, किसान, मज़दूर को गले लगाने की परंपरा है लेकिन योगी आदित्यनाथ जी आपको क्या हो गया कि आप गरीबों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बूथ लेवल पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण करा रहे बघेल

भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ मॉडल की तर्ज़ पर उत्तर प्रदेश के हर बूथ पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करा रहे हैं। इस प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट, सोशल मीडिया का उपयोग करना आदि का तकनीकी ढंग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसर उत्तर प्रदेश के 100 नेताओं को बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के रायपुर में मास्टर ट्रेनिंग दिलाई गई है।

असम और बिहार में भी मिली थी जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बिहार और असम के विधानसभा चुनाव के दौरान भी जिम्मेदारी दी गई थी। दोनों जगह बघेल ने बड़ी मेहनत से काम किया। बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं से उनके जुड़ने और चुनाव प्रबंधन के उनके कौशल को देखते हुए कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें उत्तर प्रदेश चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी हैं।

लखीमपुर जाने के लिए लखनऊ पहुंचे थे भूपेश

भूपेश बघेल लखीमपुर हिंसा के बाद वहां जाने के लिए लखनऊ भी पहुंचे थे लेकिन उन्हें लखनऊ एयरपोर्ट से बाहर नहीं निकलने दिया था। उन्होंने वहीं तीन घंटे तक धरना भी दिया था। बाद में बघेल ने लखीमपुर कांड में मारे गए किसानों और पत्रकार के परिवार को छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से पंजाब सरकार की तरह 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान भी किया। कांग्रेस ने हाल ही में दोनों सरकारों की ओर से पीड़ित परिवारों को चेक सौंपा था।

दिखाए काले झंडे, वाहन पर फेंके अंडे...

ओड़िशा में गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा का कांग्रेसियों ने जताया विरोध

भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी रविवार को ओडिशा पहुंचे थे. ओडिशा पहुंचे गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी को एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही भारी विरोध का सामना करना पड़ा. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी का काफिला एयरपोर्ट से निकलते ही भारी विरोध किया. कांग्रेसियों ने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी को काले झंडे दिखाए और उनकी कार पर अंडे भी फेंके.

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी एक कार्यक्रम में शामिल होने रविवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर पहुंचे थे. अजय मिश्रा

टेनी का काफिला जैसे ही भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के बाहर निकला, कांग्रेस के कार्यकर्ता काले झंडे लेकर सड़क पर आ गए. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृह राज्यमंत्री टेनी को काले झंडे दिखाए.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अजय मिश्रा टेनी को न सिर्फ काले झंडे दिखाए, बल्कि उनकी कार पर अंडे भी फेंके.

चर्चित जुड़वां भाइयों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

अनूठी शारीरिक बनावट की वजह से देश भर में थे चर्चित

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार जिले के छोटे से गांव खैन्दा के चर्चित जुड़वां भाइयों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी है. खैन्दा गांव के रहने वाले जुड़वां भाई शिवनाथ और शिवराम की मौत को कई लोग संदेहास्पद बता रहे हैं, जबकी परिजनों की मानें तो मामूली बुखार के चलते जुड़वां भाइयों ने दम तोड़ा है.

बचपन से शरीर से जुड़े दोनों भाइयों की मौत के बाद इलाके में शोक की लहर है. दोनो भाई इलाके और छत्तीसगढ़ में ही नहीं देश भर में चर्चित थे. अनूठी

शारीरिक बनावट की वजह से देश भर से है नहीं, विदेश से भी लोग उन्हें देखने के लिए आते थे. ये देश के ऐसे जुड़वां थे जिन्हें लोग एक जिस्म दो जान के नाम से जानते थे. शिवराम और शिवनाथ के 2 पैर, चार हाथ और दो सिर की अद्भुत शारीरिक बनावट थी.

जिले के खैन्दा गांव के रहने वाले 21 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सोशल मीडिया पर भी चर्चित थे जुड़वां भाई

इतना ही नहीं, दोनों जुड़वां सोशल मीडिया में भी खूब एक्टिव थे. चाहे इंस्टाग्राम हो फेसबुक हो या फिर टिकटॉक, सभी प्लेटफार्म में दोनों भाइयों के कई मिलियन व्यूअर्स थे. हाल ही में दोनों का पेट्रोल पंप पर स्कूटी में पेट्रोल भराते वीडियो खूब वायरल हुआ था।

छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला

प्रदेश के स्कूलों में होगा रघुपति राघव और वैष्णवजन का नियमित गायन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर अब छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में विद्यार्थी रघुपति राघव और वैष्णव जन का नियमित गायन करेंगे। राज्य के बच्चों को गांधीजी के विचारों से संस्कारित करने के लिए उनके दो प्रिय भजनों का नियमित गायन छत्तीसगढ़ के स्कूलों में किया जाएगा।

सीएम बघेल ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी और पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व में महात्मा गांधी के मूल्यों की मौजूदगी सबसे बड़ी समानता रही। इन दोनों ही विभूतियों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संयुक्त राष्ट्र के मंच पर इजरायल ने फाड़ दी UNHRC की रिपोर्ट

कहा- इसकी सही जगह कूड़ेदान

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में इजरायल के राजदूत गिलाद एर्दन ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) की वार्षिक रिपोर्ट को फाड़ दिया। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट की सही जगह कूड़ेदान है और इसका कोई यूज नहीं है। उन्होंने इसके पीछे दलील दी कि यह रिपोर्ट इजरायल के खिलाफ है और पक्षपाती है। दरअसल, इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने महासभा में एक विशेष बैठक बुलाई थी, जहां इसके अध्यक्ष मिशेल बाचेलेट ने सभी सदस्य देशों के सामने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। दरअल, इस रिपोर्ट में गाजा पर इजरायल के कब्जे के हमले के बाद गठिक की गई एक जांच समिति के निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए थे, जिसमें 67 बच्चों, 40 महिलाओं और 16 बुजुर्गों सहित 260 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई थी। इस हमले में कई सारे परिवार मारे गए, जिनमें वरिष्ठ डॉक्टर अयमान अबू अल-औफ और उनका परिवार शामिल था। इस यूएनएचआरसी की रिपोर्ट में गाजा पर क्रूर हमलों के लिए इजरायल की निंदा और आलोचना की गई थी।

क्रूज ड्रग्स केस को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

■ **सीबीआई की जांच और गवाहों को सुरक्षा देने की मांग**

नई दिल्ली (ए.)। मुंबई क्रूज ड्रग्स का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर मुंबई ड्रग्स क्रूज केस की सीबीआई जांच की मांग की गई है। याचिका में आरोप लगाया है कि इस मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की चल रही जांच में हस्तक्षेप किया गया है। इस मामले में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत और कई आरोपी हैं। लगभग 25 दिनों तक जेल में रहने के बाद आर्यन खान शनिवार को बाहर आए।

मंत्री के हस्तक्षेप को लेकर सवाल

याचिका में सुप्रीम कोर्ट के सामने सवाल उठाते हुए पूछा गया है कि क्या कोई मंत्री जांच में हस्तक्षेप करने और जांच अधिकारी को 'बदनाम' करने के बाद भी अपने संवैधानिक पद पर बना रह सकता है। याचिका में कहा गया है कि किसी भी को आपराधिक न्याय प्रणाली में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं है। राज्य और राज्य मंत्री संविधान की रक्षा करने के लिए बाध्य हैं और जांच में आपराधिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करते हैं।

क्रूज ड्रग्स मामले की पूरी जांच उस समय में विवादों में आ गई है जब से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गवाह मीडिया के सामने आकर कई गंभीर आरोप लगाया है। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक शुरू से ही इस एनसीबी पर निशाना साधते रहे हैं और मुंबई जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े के खिलाफ कई आरोप भी लगाए हैं।

जनहित याचिका (पीआईएल) ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को विधि आयोग की विभिन्न रिपोर्टों में अनुशंसित राष्ट्रीय गवाह सुरक्षा योजना तैयार करने का निर्देश देने की भी मांग की है। आर्यन खान, सह-आरोपी अरबाज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ विविधताओं से भरा समृद्धशाली प्रदेश है। यहां सभी क्षेत्रों में विकास की असीम संभावनाएं हैं। बीते वर्षों में यहां के लोगों ने अपने अदम्य इच्छाशक्ति और संसाधनों का संतुलित उपयोग करते हुए छत्तीसगढ़ को प्रगति की राह में आगे बढ़ाया है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आव्हान किया है कि हमारे पुरखों ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए जो सपने देखे थे, उसे पूर्ण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राम का विरोध करने वालों को जनता ने जीरो बनाया : योगी

■ **पंचायत कार्यक्रम में बिना नाम लिए विपक्ष भी किया हमला**

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आयोजित एक टीवी चैनल के 'पंचायत' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की आस्था को जन-जन तक पहुंचाएंगे. रामराज्य किसी एक वर्ग विशेष का प्रतीक नहीं है. हमारे लिए रामराज्य हर गरीब को मकान, शौचालय की सुविधा, बिजली, हर माता को सिलेंडर पहुंचा देना है. कार्यक्रम में सीएम योगी ने बिना नाम लिए

विपक्ष पर भी हमला किया. उन्होंने कहा कि भगवान राम का विरोध करने वालों को जनता ने जीरो बना दिया.

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''भगवान राम हमारे लिए राजनीति नहीं हैं. भगवान राम के बिना भारत की कल्पना ही नहीं की जा सकती है. जो राम की शरण में गया, उसका उद्धार हुआ. जिसने राम का विरोध किया, उसकी दुर्गति हुई और जनता जनार्दन ने उसे जीरो बना दिया.''

उन्होंने कहा, ''अयोध्या का दीपोत्सव एक उत्सव बन चुका है. पहली बार 51 हजार दीपक जलाए गए थे, लेकिन इस बार नौ लाख दीए सिर्फ राम की पैड़ी पर जलेंगे. यह सिर्फ एक आयोजन नहीं है. राम मंदिर निर्माण में दुनिया के अलग-अलग जगहों से पवित्र नदियों का जल भेजा था.''

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तमाम योजनाओं को जन जन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टीकाकरण **कई जिले अब भी ऐसे हैं, जहां बड़ी संख्या में लोगों को एक भी डोज नहीं मिली है**

कोरोना टीकाकरण में फिसड्डी जिलों के डीएम से बात करेंगे पीएम मोदी

सीएम भी रहेंगे मौजूद

नई दिल्ली (ए.)। देश में 106 करोड़ से अधिक कोरोना टीके लगाए जा चुके हैं, लेकिन कई जिले अब भी ऐसे हैं, जहां बड़ी संख्या में लोगों को एक भी डोज नहीं मिली है। टीकाकरण में फिसड्डी ऐसे 30 जिलों के जिला अधिकारियों से पीएम मोदी 3 नवंबर को बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में रविवार को यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम में संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे।

पीएमओ ने कहा, ''जी-20

और सीओपी-26 शिखर सम्मेलनों में शामिल होने के बाद भारत लौटते ही प्रधानमंत्री 3 नवंबर को टीकाकरण की कम दर वाले जिलों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे।'' इस बैठक में उन जिलों को शामिल किया है, जहां टीकों की पहली खुराक देने की दर 50 प्रतिशत से कम और दूसरी खुराक देने की दर बहुत कम है।

पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री कम टीकाकरण दर वाले झारखंड, मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय और कुछ अन्य राज्यों के 40 जिलों के जिलाधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। जी-20 और सीओपी-26 सम्मेलन में शिरकत करने के लिए प्रधानमंत्री बृहस्पतिवार को इटली और ब्रिटेन के लिए रवाना हुए थे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के आमंत्रण पर वह एक से दो नवंबर तक ब्रिटेन में ग्लासगो की यात्रा करेंगे, जहां वह 26वें सीओपी-26 में विश्व नेताओं की शिखर बैठक में हिस्सा लेंगे।

बिना सुई वाले वैक्सीन की कीमत भी नहीं चुभेगी, जाइडस कैडिला रेट घटाने को तैयार

नई दिल्ली (ए.)। सरकार की लगातार बातचीत के बाद जाइडस कैडिला अपने कोविड-19 टीके की कीमत घटाकर 265 रुपये प्रति खुराक करने पर सहमत हो गई है, लेकिन अभी अंतिम समझौता नहीं हुआ है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। बिना सुई वाले जाइकोव-डी टीके की प्रत्येक खुराक देने के लिए 93 रुपए की लागत वाले एक डिस्पोजेबल दर्द रहित जेट एप्लीकेटर की आवश्यकता होगी, जिससे इसकी कीमत 358 रुपए प्रति खुराक होगी। एक सूत्र ने कहा था कि अहमदाबाद स्थित इस दवा कंपनी ने पहले अपनी तीन खुराक वाली दवा के लिए 1900 रुपए की कीमत का प्रस्ताव दिया था। इससे जुड़े एक सूत्र ने बताया, ''कंपनी और सरकार की बार- बार की बातचीत के बाद, टीके की प्रत्येक खुराक की कीमत 358 रुपए निर्धारित की गई है, जिसमें 93 रुपये का एक डिस्पोजेबल जेट एप्लीकेटर भी शामिल है । इस मामले में अंतिम निर्णय इस सप्ताह होने की संभावना है।''

पुलिस थानों और डीएम ऑफिस में टेंट लगाएंगे किसान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस की ओर से गाजीपुर और टिकरी बॉर्डर पर बैरिकेडिंग हटाए जाने के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने एक बार फिर से यह मंशा जाहिर कर दी है केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसानों का आंदोलन खत्म नहीं होने वाला है। राकेश टिकैत ने कहा है कि अब वे पुलिस थानों और जिला मैजिस्ट्रेटों के कार्यालयों में अपने तंबू लगाएंगे।

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा, 'हमें जानकारी मिली है कि प्रशासन जेसीबी की मदद से यहां टेंट हटाने की कोशिश कर रहा है।

न्यूज गैलरी

14 से 29 नवंबर तक महंगाई का विरोध करेगी कांग्रेस, बनाई रणनीति

रायपुर/नवप्रदेश। जनजागरण अभियान समिति की रविवार को राजीव भवन में बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 14 नवंबर से 29 नवंबर तक महंगाई के विरोध में होने वाले प्रदेशव्यापी अभियान की रूप रेखा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में संपन्न हुयी। समिति के सभी सदस्यों इस महत्वपूर्ण जन जागरण अभियान समिति के आयोजन के लिये सुझाव लिया गया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के द्वारा दिशा निर्देश भी दिया गया। बहुत जल्द समिति के द्वार एआईसीसी के निर्देश और प्रदेश कांग्रेस के मार्गदर्शन में रूप रेखा एवं कार्य योजना पदयात्राओ के मार्ग जल्द तैयार की जायेगी। केन्द्र सरकार की विफ्लताओं महंगाई और राज्य सरकार की उपलब्धियों को प्रदेश से बूथ स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साथ ही प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता और कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठनों को जोड़कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, महामंत्री एवं समन्वयक पियुष कोसरे की उपस्थिति में तय की गयी।

घर के अंदर घुसकर आलमारी से नगदी व गहना चोरी, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के डीडीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंगोराभाठा में महिला घर में नहा रही इसी दौरान चोर दरवाजा खोलकर आलमारी में रखे गहने व नगदी 10 हजार रुपये चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक यू चंगोराभांठा निवासी पवन साहू 37 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी अपने परिवार के साथ मनहरण साहू के मकान में किराये से रहता 30 अक्टूबर को काम से गया था तभी उसकी पत्नी दुर्गा साहू ने फोन कर बताई कि घर में चोरी हो गया। वापस घर आने पर पता चला कि उसकी पत्नी दुर्गा साहू दोपहर करीबन 1.00 बजे अपने घर के दरवाजा को बंद कर नहाने के लिये छत में गई थी उसी समय दरवाजा खुलने का आवाज आया तब वह सोची की स्कूल से बच्चे आये है इसलिए उसने ध्यान नहीं दिया। जब वह नीचे आई तो देखा रूम का दरवाजा खुला हुआ है और आलमारी का सामान जमीन में बिखरा पड़ा है। आलमारी के लाकर में रखे पुरानी इस्तेमाली 2 नग सोने का मंगल सूत्र, 1 जोडी चांदी का पायल एवं नगदी 10,000 रुपये तथा आर्टिफिशीयल जूलरी 1 सेट नेकलेश नहीं था।

संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विहंगम योग संस्थान के तत्वावधान में संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के जन्मदिन पर देश के 23 राज्यों और 50 अन्य देशों में निशुल्क रक्तदान किया। उक्त आयोजन तत्वावधान में महर्षि सदाफल देव आश्रम रायपुर से भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 53 यूनिट रक्तदान कर संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के संकल्प मानव सेवा सामाजिक कार्य को पूरा किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ बी बी तरुणी सेन, मॉडल ब्लड बैंक के तकनीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ का सहयोग मिला। ब्लड डोनेशन करने वाले मानव सेवा में तत्पर लोगों का आश्रम की ओर से आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बीआर वर्मा, जेएल वर्मा, दिनेश सिंह, आरएन साहू, सत्यम सिंह,जीआर साहू, पुरुषोत्तम सपहा, सुधीर सपहा,सन्नी, लोकेश, जितेन्द्र बजाज, गोवर्धन, भूषण, संतराम, अमीरचंद, अनिल, ममता, लक्ष्मण निषाद, ललिता, लक्ष्मी व अन्य लोग मौजूद रहे।

युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला पेट में लगे 36 टांके, हालात नाजुक

कोरबा/रायपुर/नवप्रदेश। जिले के उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम दादर कला में बीती रात डांस कार्यक्रम में चाकूबाजी का मामला सामने आया है। दरअसल करीब 12 बजे डांस प्रतियोगिता देखने पहुंचे उरगा के दुर्गेश कंवर नामक युवक पर अज्ञात शख्स ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में दुर्गेश के पेट की अंतड़ियां बाहर निकल गई। बुरी तरह घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के तीन सिविल सर्जनों ने उसकी सर्जरी की। सर्जरी के दौरान युवक के पेट में 36 टांके लगाए गए हैं। फिलहाल युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

आधा दर्जन युवकों ने चाकू की नोक पर युवक से मारपीट कर की लूटपाट

रायपुर/नवप्रदेश। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कुशालपुर इलाके में लूट की एक गंभीर वारदात को बीती रात अंजाम दिया गया है। लुटेरों को पुलिस का कोई खौफ नहीं था। करीब आधा दर्जन युवकों ने एक बाइक सवार पर चाकू टिका दिया, उससे मोबाइल और पैसे लूट लिए, इसके बाद बदमाशों का पीछा कर रहे लूट के शिकार युवक के भाई को उन्हीं युवकों ने घेर लिया और उसकी इस बुरी तरह से पिटाई कर दी कि उसे आईसीयू में दाखिल करना पड़ गया है। सुरेन्द्र गौतम महामाया इंटरप्राइजेस में सुपरवाइजर है। बीती रात वह इन्द्रप्रस्थ स्थित अपने घर के लिए निकला था, इसी दौरान कुशालपुर ब्रिज के पास आधा दर्जन युवकों ने चाकू अड़ाकर उसका रास्ता रोक लिया और उससे मोबाइल व पैसे लूट लिए। सुरेन्द्र ने लूट की वारदात करने वालों का पीछा किया, इस दौरान उसका भाई अमन गौतम और मोहत टेमरे भी साथ थे। तीनों अलग-अलग दो वाहन पर थे। लुटेरों का पीछा करते हुए सुरेन्द्र जब पुरानी बस्ती स्थित खोखो तालाब के पास पहुंचा था, तभी लुटेरों ने उसे घेर लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान मोहित टेमरे, सुरेन्द्र गौतम के साथ था। इस मारपीट में मोहित टेमरे को गंभीर चोंट आई है और उसे आईसीयू में दाखिल कराना पड़ गया है। इस मामले की जब तक पुलिस को खबर मिली, सभी आरोपी भाग चुके थे। इनमें से दो की पहचान हो गई है। बताया जा रहा है कि विकास और अजय के साथ अन्य लोग शामिल थे, जिसमें नामजद दोनों ही आरोपी आदतन बदमाशों में से हैं। सभी फरार बताए जा रहे हैं, वहीं मोहित की हालत नाजुक बनी हुई है।

जेनेरिक दवाओं से आम आदमी को काफी राहत मिली : उपासने

■ ब्रांडेड दवाईयों से काफी सस्ती है और असरकारक है जनऔषधि की जेनेरिक दवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जन औषधि केन्द्र के माध्यम से आम आदमी को सस्ती दवाएं देने की दिशा में छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की पहल से अब रायपुर नगर के लोग काफी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं।

राष्ट्रीय एकता सप्ताह यूनिटी डे के अवसर पर कल महावीर नगर गुरूव्दारा में जन औषधि मित्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनौषधि कल्याण जागरुकता समिति के राष्ट्रीय महामंत्री सचिदानंद उपासने ने कहा कि प्रधानमंत्री जनौषधि योजना के देशव्यापी अभियान से लोगों के दवाईयों के खर्च में काफी कमी आई है। इससे लोगों को काफी राहत मिली है। उन्होंनें एसोसियेशन की सेवा भाव से चलाई जा रही डिस्पेंसरी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नेक कार्य सिक्ख धर्म की शिक्षा का हिस्सा है।

एसोसिएशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन का उद्देश्य सरबत का भला है। इसी उद्देश्य के अनुसार एसोसयेशन व्दारा 29 नवंबर 2018 से महावीर नगर गुरुव्दारा परिसर में गुरु अंगददेव साहिब मेडिकल शॉप का शुभारंभ किया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के अंतर्गत सस्ती दर पर दवाईयों का विक्रय किया जा रहा है। इसके अतंर्गत 1450 जेनेरिक दवाईया तथा 250 उपकरण आते हैं। जेनेरिक दवाएं 50 प्रतिशत से भी ज्यादा सस्ती होती है।

छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य सरदार बी.एस.सलूजा ने बताया कि वे लगातार जेनेरिक दवाइयों का ही उपयोग कर रहे हैं और पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है किसी भी बीमारी के लिए जनौषधि केन्द्र की जेनेरिक दवाओं का उपयोग करें। यह दवाएं वैसी ही हैं जैसी ब्रांडेड दवाएं काम करती है। यह सस्ती होने के कारण आम आदमी के लिए खरीदना व उपयोग करना आसान है। उन्होंनें कहा कि कि जेनेरिक दवाओं और ब्रान्डेड दवाओं की गुणवत्ता कोई अन्तर नहीं होता।

इस अवसर पर कोलंबिया इस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, रायपुर के छात्रों व जन औषधि के जागरूकता का प्रचार प्रसार करने वाले 40 सहयोगियों को टी-शर्ट एवं कैप वितरित की गई। कार्यक्रम में पांच सहयोगियों को जन औषधि मित्र एवं पांच को जन औषधि प्रबुद्ध नागरिक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जन औषधि मित्र सम्मेलन में स्वामी आत्मानंद वार्ड के पार्षद अमर बंसल, छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन के संयोजक सरदार जे.एस. बाम्बरा, आर.एस.आजमानी, दलजीत सिंह डडियाला, अवतार सिंह प्लाहा, कुलदीप सिंह छाबड़ा, लखिन्दर सिंह चावला, अमोलक सिंह, अजीत सिंह राजपाल, जगपाल सिंह, भूपिन्दर सिंह, संतोख सिंह,सुखबीर सिंह सिंघोत्रा उपस्थित थे।

कांग्रेस ने सरदार पटेल, इंदिरा गांधी का पुण्य स्मरण किया

रायपुर/नवप्रदेश। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर दोनों नेताओं का पुण्य स्मरण करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि सरदार पटेल और स्व. इंदिरा गांधी दोनों ने देश की एकता और अखंडता के लिये पूरा जीवन दे दिया। सरदार पटेल ने रजवाड़ों के बंटे भारत को एककर अखंड भारत का निर्माण किया। इंदिरा जी ने बैंको के राष्ट्रीयकरण हरित क्रांति के माध्यम से देश को संपन्न बनाने में योगदान दिया। पंडित जवाहर लाल नेहरू के द्वारा रखे गये आधुनिक भारत की नींव पर इंदिरा गांधी ने मजबूत भारत का निर्माण किया। इस अवसर पर मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मंत्री सत्य नारायण शर्मा, वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन, राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष अरूण सिंघानिया, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, महामंत्री पियुष कोसरे, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, रायपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष हसन खान, मछुआ कांग्रेस के अध्यक्ष एमआर निषाद, अजय साहू, राजेश चौबे, मोहम्मद अली, दिलीप सिंह चौहान, अपर्ण फ्रांसिस सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष हसन खान द्वारा स्व. इंदिरा गांधी के ऊपर लिखा गया एक बुकलेट का विमोचन भी किया गया।

झूठी वाह वाही लूटने के लिए किया आयोजन, आदिवासियों के लिए नहीं है कोई प्लान: अमित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ दिनांक 30 अक्टूबर 2021। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने भूपेश सरकार के द्वारा करोड़ों रुपया खर्च कर आदिवासियों के नाम पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को महज एक ढकोसला करार देते हुए कहा एक तरफ तो छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के हक, अधिकार और स्वामित्व का जल, जंगल, जमीन और जीवन खतरे में है, उनके पहाड़ियों और देवी देवता स्थल तक को नहीं छोड़ा जा रहा है वहीं फिर सरकार का यह कैसा जलसा है? और इससे आदिवासियों को क्या फायदा? हाल ही में कांकेर के 13 पंचायत के 58 गांव से हजारों ग्रामीण आदिवासी अपनी मांगों को लेकर पैदल राजधानी आते है पर सरकार को दिखाई नहीं देता है, आदिवासी कभी अपने पहाड़ियों के लिए तो कभी अपने देवी देवताओं के स्थल को बचाने के लिए आंदोलन करते है, कभी सिरगेल में आंदोलन करते पर सरकार को आदिवासियों की समस्या दिखाई नहीं देती है, बदले में उन्हें गोली मिलता है। उन्होंने कहा आज़ादी के 74 साल भी छत्तीसगढ़ में बूढ़ादेव के भक्त आदिवासी गुणवत्ता युक्त शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य, स्थायी रोज़गार, स्थायी बिजली, शुद्ध पेयजल, अच्छी सड़क और पौष्टिक आहार के लिए तरस रहे है, आदिवासी कुपोषित होकर अपनी जान गवां रहे है, राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पंडो जनजाति का अस्तित्व खतरे में वहीं प्रदेश के सरकार के द्वारा देश विदेश के आदिवासी भाई बहन का नाच करवा रहे है और मंत्री ठुमके लगा रहे है।

अमित जोगी ने कहा भुपेश सरकार आदिवासियों के नाम पर सिर्फ झुठी वाहवाही लूटना चाहती है उनके पास आदिवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कोई ठोस एक्शन प्लान नहीं है आदिवासियों के दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है।

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस का रक्तदान शिविर, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी जी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के निर्देश पर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के द्वारा राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, प्रभारी महामंत्रीद्वय रवि घोष, चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील शुक्ला, खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, पीयूष कोसरे स्वप्निल मिश्रा आदि नेता शामिल हुए।

प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्णचंद कोको पाढ़ी ने मीडिया को बताया कि आज इंदिरा जी के शहादत और सरदार पटेल जी की जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें स्वप्निल मिश्रा, राहुल कर, महमूद अली, सार्थक शर्मा, योगेश तिवारी, मिथिलेश यादव, रोहित सिंह, गौतम यादव, चेतन चेलक, इकलाख खान, मेहुल नायडू आदि कार्यकर्ताओं ने कुल 100 यूनिट ब्लड डोनेट किया। इसके साथ ही कोरोना योद्धाओं के लिए सम्मान समारोह का भी आयोजन प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा में किया जाना निर्धारित है।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सजमन बाघ, रेणु मिश्रा, आशीष द्विवेदी, अभिजीत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

अवैध रुप से पटाका बेचते एक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के तेलीबांधा इलाके में अवैध रुप से घर के अंदर पटाखा रखकर बेचने की सूचना पर पुलिस ने 7 पेटी फटाखा जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक 30 अक्टूबर की देररात घर के अंदर अवैध रुप से फ्टाखा बेचने की सूचना पर तेलीबांधा पुलिस ने गली नंबर 05 कन्या स्कूल के सामने पहुंच कर रेड की कार्रवाई कर विभिन्न प्रकार का फ्टाखा 7 पेटी जब्त की है, फ्टाखा की अनुमानित कीमत 50 हजार आंकी गई है।पकड़े गए आरोपी का नाम पुछने पर उसने अपना नाम अजय तोलानी 25 वर्ष निवासी तेलीबांधा बताया है। अवैध रुप से घर में विस्फोटक फ्टाखा रखकर बेचने के जुर्म में आरोपी के खिलाफ 286,9 बी (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

1 जेसीबी एवं 3 बाइक चोरी, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के अलग–अलग इलाके से 1 जेसीबी वाहन तथा 3 बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक लाखेश्वर वर्मा पिता फेरहा राम वर्मा उम्र 49 वर्ष निवासी कृष्णा चौक खरोरा 30 अक्टूबर को खरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैण्ड के पास ग्राम मांठ में खड़ी जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04 एल 2030 गाड़ी को किसी ने चोरी कर लिया। चोरी गए गाड़ी की कीमत करीब 10 रुपये है।इसी तरह सरदार सबरजीत सिंह 23 वर्ष ने मकान नंबर आई/13, भावना नगर, खम्हारडीह रायपुर निवासी सिविललाईन्स थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह 30 अक्टूबर को दोपहर करीब 1.30 बजे सब्जी मार्केट ईरानी डेरा के पास पण्डरी में सड़क किनारे अपनी बाइक होण्डा शाईन क्रमांक सीजी04/एमक्यू/3928 खड़ी करके सब्जी खरीद 15 मिनट बाद सब्जी लेकर वापस आया तब उसकी बाइक खड़े किये स्थान पर नही मिली। किसी ने बाइक जिसकी अनुमानित कीमत 32000 रुपये है,चोरी कर लिया।मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड कालोनी, दोंदेखुर्द, रायपुर निवासी सौरभ सेंडे 25 वर्ष ने 30 अक्टूबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह रविभवन में 28 अक्टूबर को हिरो कपंनी का एच एफडिलक्स ग्रे ब्लैक/रैड का क्रमांक सीजी 12 एपी 9241 से रविभवन के अंडर ग्राउण्ड पार्किग में खड़ा कर लांक करके रविभवन के अंदर चला गया, वापस घर जाने के लिये शाम 05.10 बजे आया तो देखा खड़ी किये हुये स्थान पर मोटर सायकिल नही थी, कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया।मामले की रिपोर्ट पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं गुढ़ियारी पहाड़ी चौक निवासी पंचू मंडल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि से 06 माह पूर्व एक्टिवा रंग लाल क्रमांक सीजी 04एमजे4511 को 23 अक्टूबर को खमतराई में अपने परिचित राकेश से मिलने गया था। शाम 05-30 बजे मुलाकात कर गाडी को बाबा कंस्ट्रेक्शन के सामने खमतराई में खड़ी कर बाजू के पान दुकान में पान गुटखा लेने चले गया 10 मिनट करीबन वापस आया तब गंतव्य स्थान पर एक्टीवा नही था किसी ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट खमतराई थाने में 30 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सेंट्रल पुल में उसना चावल लेने और बारदाना देने मोदी शाह को कब लिखेंगे पत्र?

■ भाजपा शासित राज्यों में किसानों की स्थिति ठीक नहीं छत्तीसगढ़ में किसान खुशहाल भाजपा के लिए यही पीड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय से पूछा मोदी शाह को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ से सेंट्रल पुल में उसना चावल लेने एवं मांग के अनुसार बारदाना देने की मांग कब करेंगे? भाजपा नेताओं को दिल्ली जाकर मोदी शाह के सामने किसानों की बात रखने में शायद डर लगता होगा तो उन्हें राजभवन जाकर राज्यपाल महोदया जी के माध्यम से केंद्र सरकार के नाम सेंट्रल पूल में उसना चावल लेने और मांग के अनुसार बारदाना देने का मांग पत्र सौपना चाहिए। यदि भाजपा के नेता राजभवन भी नहीं जा सकते तो कम से कम छत्तीसगढ़ के सम्मानित मीडिया को बुलाकर उन के माध्यम से केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ से उसना चावल लेने और मांग के अनुसार बारदाना देने की अपील तो कर सकते हैं। किसानों के नाम से राजनीति करने वाले भाजपा और भाजपा के सांसद हकीकत में किसान विरोधी कृत्यों में ही लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों को धान की कीमत 2500 रु. प्रति क्विंटल दे रही है। समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राशि को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से 4 किश्तों में किसानों के खाते में सीधा ट्रांसफर किया जा रहा है। ऐसे में भाजपा नेताओं को मात्र धान खरीदी के नाम से राजनीति करने की सूझ आ रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार देश की पहली सरकार है जो अपने राज्य के किसानों को उनकी उपज का सबसे ज्यादा कीमत दे रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान, मक्का, गन्ना, कोदो, कुटकी, रागी, दलहन, तिलहन, फलदार वृक्ष और सब्जी लगाने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित भाजपा शासित राज्यों में किसानों की स्थिति ठीक नहीं है। भाजपा शासित राज्यों में किसान अपने फसल को औने पौने दाम में बेचने मजबूर हैं। धान को 800 से 1100 रु. प्रति क्विंटल के दर पर बेच रहे हैं। छत्तीसगढ़ के किसान को धान की कीमत 2500 रु. प्रति क्विंटल मिल रहा है।

जानकारी पुरुषों में इनफर्टिलिटी की बढ़ती चुनौती, योग और संयमित दिनचर्या-आहार से मिल सकती है राहत

सीएमई में चिकित्सकों ने जेनेटिक्स कारणों को समझाया

■ अधिक से अधिक शोध और अनुसंधान से मेल इनफर्टिलिटी का कर सकते हैं मुकाबला

रायपुर/नवप्रदेश। पुरुषों में बढ़ती इनफर्टिलिटी की समस्या को चिकित्सकों ने चुनौतीपूर्ण बताते हुए सलाह दी है कि नियमित योग, संतुलित आहार और दिनचर्या और अनपैक्ड फूड का अधिक से अधिक सेवन इस चुनौती का मुकाबला करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही चिकित्सकों ने पुरुषों की इनफर्टिलिटी पर अधिक से अधिक शोध और अनुसंधान करने पर जोर देते हुए कहा है कि इससे आने वाली पीढ़ियों को इस चुनौती से बचाया जा सकता है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान विभाग के एनोटॉमी विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'जेनेटिक्स एंड इनफर्टिलिटी' विषय पर नेशनल सीएमई का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि एम्स में इस प्रकार की समस्या को लेकर बड़ी संख्या में रोगी पहुंच रहे हैं। उन्होंने एम्स में मेल इनफर्टिलिटी के उपचार से संबंधित सुविधाओं का उल्लेख करते हुए चिकित्सकों से इस दिशा में और अधिक अनुसंधान करने का अनुरोध किया जिससे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का मुकाबला किया जा सके।

मुख्य अतिथि एम्स दिल्ली की एनोटॉमी विभाग की प्रो.(डॉ.) रीमा दादा ने अपनी प्रस्तुति में पुरुषों के जीन में होने वाले बदलावों से प्रजनन तंत्र पर पड़ने वाले असर और शुक्राणुओं की संख्या और गतिशीलता में कमी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत मेल इनफर्टिलिटी का कारण जेनेटिक होता है।

उनका कहना था कि यदि जीन में हो रहे परिवर्तनों पर विस्तार से शोध किया जाए तो भविष्य में इस समस्या को दूर किया जा सकता है। उन्होंने मेल इनफर्टिलिटी की चुनौती का मुकाबला करने के लिए संयमित दिनचर्या और आहार पर जोर दिया।

एमजीएम मेडिकल कालेज मुंबई की एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. अंजलि सबनीस ने क्रोमोसोम आधारित केरियोटाइपिंग वेयर इट स्टैंडस टुडे विषय पर प्रस्तुति देते हुए मेल इनफर्टिलिटी के उपचार को भविष्य की चुनौती बताया।

एम्स के एनोटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. के. विजय कुन्नौरी का कहना था कि बायोलॉजीकल मैथ्ड्स से इस चुनौती का आसानी से मुकाबला किया जा सकता है। आयोजन सचिव डॉ. मनीषा बी. सिन्हा ने मेल इनफर्टिलिटी के जेनेटिक कारणों के बारे में जानकारी दी। सीएमई में डीन प्रो. एस.पी. धनेरिया, प्रो. सरिता अग्रवाल, डॉ. मृत्युजंय राठौड़, डॉ. सौमित्र त्रिवेदी, डॉ. ए.यू. सिद्दकी, डॉ. अमित त्रिपुड़े, डॉ. धर्म राठिया, राहुल उइके सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया। सीएमई का आयोजन हाइब्रिड मोड में ऑन लाइन और ऑफ लाइन किया गया था जिसमें लगभग 500 चिकित्सकों ने भाग लिया।

अरूण भद्रा को कारण बताओ नोटिस दिया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विगत दिनों किए अनुशासत्मक कार्यवाही पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया एवं वरिष्ठ नेताओं पर सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री अरूण भद्रा द्वारा अनर्गल टिप्पणी करने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मामला संज्ञान में लेते हुए सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने पर उक्त मामले को अनुशासनहीनता की परिधि में मानते हुए भद्रा को कारण बताओ नोटिस दिया है। तीन दिवस के अंदर लिखित जवाब प्रेषित नहीं करने पर एक पक्षीय अनुशासत्मक कार्यवाही की जाएगी। उक्त कारण बताओ नोटिस कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष ने जारी किया है।

महमरा घाट में लैंडस्केपिंग का होगा कार्य, सुकून से शाम बिताने के लिए होगी बेहतरीन जगह

- **कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने दिये निर्देश, घाट के किनारे किया निरीक्षण, निगम को जल्द प्रस्ताव तैयार करने दिये निर्देश**
- **मुक्तिधाम में चल रहे कार्यों का भी किया निरीक्षण, अंतिम चरण में हैं कार्य**

दुर्ग। महमरा घाट में लैंडस्केपिंग और सौंदर्यीकरण का कार्य होगा। लोग इस घाट में खूबसूरत शिवनाथ नदी का नजारा लेते हुए सुकून महसूस करें, इसके लिए विशेष तौर पर प्रोजेक्ट बनाया जाएगा। कलेक्टर ने आज महमरा घाट के निरीक्षण के दौरान यह निर्देश आयुक्त श्री हरेश मंडावी को दिये। उन्होंने कहा कि शाम के वक्त लोग महमरा घाट में पहुंचते हैं। ऐसा प्रोजेक्ट बनाये जिसमें शाम के मनोरंजन के साथ ही घाट की खूबसूरती का भी लुत्फ नागरिकगण ले सकें। उल्लेखनीय है कि शिवनाथ नदी प्रदेश की सबसे सुंदर नदियों में शामिल है इसका चौड़ा पाट और लबालब पानी लोगों को खासा आकर्षित करता है। लैंडस्केप के बेहतर डेवलपमेंट एवं नई सुविधाएं आरंभ करने से यह मनोरंजन की और भी बेहतर जगह बन पाएगा। कलेक्टर ने मुक्तिधाम में चल रहे कार्यों का

निरीक्षण किया।

फ्यूनरल शेड में बढ़ी जगह- फ्यूनरल शेड में अब छह शवों का अंतिम संस्कार हो सकेगा। इसे अत्याधुनिक तरीके से बनाया गया है। 28 लाख रुपए की लागत से यह काम हो रहा है। इसमें अभी स्लैब और फिनिशिंग का काम बचा है। कलेक्टर ने शीघ्रता से इस कार्य को पूरा करने निर्देश दिये। पुराने फ्यूनरल शेड के अव्यवस्थित होने की वजह से मृतक के अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे परिजनों को दिक्कत का सामना करना पड़ता था।

सीटिंग हाल में केवल फिनिशिंग का काम बाकी- पीडब्ल्यूडी के एसडीओ श्री उरकुड़े ने बताया कि अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे मृतक के प्रियजनों के बैठने के लिए सीटिंग हाल का निर्माण भी कराया जा रहा है। इसकी लागत 19 लाख रुपए है इसमें फिनिशिंग का काम ही शेष है। यह कार्य भी जल्दी पूरा हो जाएगा। मुक्तिधाम साइट डेवलपमेंट का काम- मुक्तिधाम साइट डेवलपमेंट का काम भी अगले महीने आरंभ हो जाएगा। इसकी लागत 19 लाख रुपये है। इसमें सीसी रोड, क्यारियां, नाली आदि बनेंगी। साथ ही लैंड स्केपिंग का कार्य भी होगा। इसकी लागत 13 लाख रुपये होगी। इसके लिए बनने वाले बगीचे की मिट्टी भराई आदि काम शीघ्र शुरू होंगे।

आज साढ़े चार बजे गंज मंडी में होगा राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

दुर्ग। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल होंगे। होंगे। वे शाम 4:30 बजे राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्री देवेन्द्र यादव करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक श्री अरुण वोरा, विधायक श्री विद्यारतन भसीन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेन्द्र यादव, महापौर द्वय श्री धीरज बाकलीवाल एवं श्रीमती चन्द्रकांता माण्डले होंगे। राज्योत्सव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मौके पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए संयुक्त कलेक्टर श्री प्रवीण वर्मा ने बताया कि सभी विभागों के स्टाल लगाये जा चुके हैं। इन स्टालों में विभागीय नवाचारों एवं फ्लैगशिप योजनाओं का प्रदर्शन किया गया है। सभी विभागों ने कोशिश की है कि उनका सबसे खास नवाचार दिखाया जाए। इसके साथ ही विभागीय प्रचार सामग्री भी रखी गई है जिनका लाभ आम जनता उठा सकती है। उन्होंने बताया कि सबसे खास सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें स्थानीय छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग नजर आयेंगे। पंथी नृत्य से लेकर प्रदेश के तमाम सुंदर रंग इस कार्यक्रम में नजर आयेंगे। इन्हें चिन्हांकित कर लिया गया है। श्री वर्मा ने बताया कि फूड स्टाल भी रखे गये हैं। इनमें भी देश भर के और स्थानीय छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को भी शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं अपर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने भी राज्योत्सव स्थल का निरीक्षण किया और यहां की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये। स्थल पर पार्किंग की किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए थ्री लेयर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में एसपी श्री बद्रीनारायण मीणा ने भी ट्रैफिक्र के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया है।

राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की निगमायुक्त ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिलाई शपथ

दुर्ग। नगर पालिक निगम सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत 31 अक्टूबर 21 राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर निगमायुक्त हरेश मंडावी ने अपने कक्ष पर अधिकारी एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई, प्रतिज्ञा हैः मैं पूरी तरह से प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करता हूँ और अपने साथी देशवाशियो के बीच इस संदेश को फैलाने के लिए कड़ी मेहनत करूँगा। शपथ कार्यक्रम के दौरान शिक्षा एवं खेलकुद विभाग प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया,कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी,प्रभारी कार्यपालन अभियंता राजेश कुमार पांडेय,प्रभारी लेखा अधिकारी राज कमल बोरकर, उपअभियंता श्रीमती भारती ठाकुर,मनोहर साहू,शुभम गोइर,शेखर वर्मा,श्रीमती नीलम कसार,सूरज सारथी,मनीष आदि उपस्थित थे।

टाटा मोटर्स ने सभी सेगमेंट्स में 21 नए कॉमर्शियल वाहन लॉन्च किए

मुंबई। भारत के सबसे बड़े कॉमर्शियल वाहनों के निर्माता,टाटा मोटर्स ने आज 21 नए प्रॉडक्ट्स और वैरिएंट्स की विस्तृत और व?यापक रेंज लॉन्च कर भारत के आर्थिक विकास में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। इसे सभी श्रेणियों और सभी तरह सामान ले जाने तथा यात्रियों के लिए सुविधाजनक ट्रांसपोर्ट की उभरती जरूरत को पूरा करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। ये अत?याधुनिक वाहन टाटा मोटर्स के अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल के लिए स?थापित ÷पावर ऑफ 6÷ लाभ प्रस्ताव को फ्रि से स्थापित करते हैं। इसकी उत्पादकता काफी अधिक है और स्वामित्व की लागत (टीसीओ) काफी कम है।

टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री गिरीश वाघ ने 21 वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था को ताकत देने के लिए आधारभूत विकास के इंजन, उपभोक्ता खपत और ई-कॉमर्स को लगातार प्रयोग के लिए निरंतर ट्रांसपोर्टेशन सपोर्ट मुहैया कराते है। कॉमर्शियल वाहनों में लीडर होने के चलते वह भविष्य के लिए स्मार्ट और फ्यूचर रेडी वाहन लॉन्च कर ग्राहकों को उनके खर्च किए गए पैसे की सर्वश्रेष्ठ कीमत अदा करने का ऑफर देते हैं। आधुनिक फीचर्स से लैस 21 वाहनों को भारतीय अर्थव्यवस्था की उभरती हुई जरूरतों और प्रभावी ट्रांसपोर्ट की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के मकसद से डिजाइन किया गया है। अलग-अलग कार्यों के साथ किसी खास काम के लिए इस्तेमाल किए जाने इन वाहनों के हर पहलू को खास उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इसमें आधुनिक तकनीक और बेहतरीन ढंग से सुधारे गए पावर ट्रेन के साथ यूजर्स की सुविधा और आराम का खासतौर पर ध्यान रखा गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण पुरस्कारों का ऐलान

पहली बार दिया जायेगा देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 21 वें राज्योत्सव के दौरान दिए जाने वाले राज्य अलंकरण पुरस्कारों का रविवार को संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने घोषणा की। राज्य अलंकरण पुरस्कार अलग-अलग विधाओं में अलग-अलग लोगों को दिया जाता है। इस वर्ष 31 पुरस्कार दिए जायेंगे,जिसमे देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार और देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार पहली बार सीएम भूपेश बघेल के निर्देश पर दिया जा रहा है।

इस वर्ष दिए जा रहे अलंकरण पुरस्कारों की सूची में शहीद वीरनारायण सिंह सम्मान आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए बिलासपुर के जानकी प्रसाद पुलस्त को। पं. लखनलाल मिश्र सम्मान अपराध अनुसंधान के क्षेत्र में दुर्ग के कुन्दनलाल गौर को। यति यतनलाल सम्मान अहिंसा एवं गौ रक्षा के लिए रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर को। गुण्डाधूर सम्मानबैडमिंटन खेल के लिए बिलासपुर की कु. रोहिणी साहू को। मिनीमाता सम्मान महिला उत्थान के लिए दुर्ग की डॉ. सुश्री कल्पना देशमुख को। गुरू घासीदास सम्मान सामाजिक चेतना/दलित उत्थान के लिए दुर्ग के पुरानिक लाल चेलक को। ठाकुर प्यारेलाल सिंह सम्मान सहकारिता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक,रायपुर को। हाजी हसन अली सम्मान उर्दू भाषा की सेवा के लिये दुर्ग के जनाब रौनक जमाल को। पं. रविशंकर शुक्ल सम्मान सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र में रायपुर के सुश्री विद्या राजपूत को। पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान साहित्य/आंचलिक साहित्य के लिए बिलासपुर के नंदकिशोर तिवारी को। चकधर सम्मान संगीत एवं कला के क्षेत्र में

भिलाई के प्रमंजय चतुर्वेदी और रायपूर के सुनील तिवारी को। दाऊ मंदराजी सम्मान लोककला/शिल्प के लिए बिलासपुर के काशीराम साहू और मुंगेली की रेखा देवार को। डॉ.खूबचंद बघेल सम्मान कृषि क्षेत्र में रायगढ़ के मुकेश चौधरी को। महाराजा अग्रसेन सम्मान सामाजिक समरसता के लिए बस्तर की सुश्री के.एम. नायडू को। दानवीर भामाशाह सम्मान दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय के लिए मुंगेली के भवानी साव रामलाल साव धर्मादाट्रस्ट को। श्रीमती बिलासाबाई केंवटीन मत्स्य विकास पुरस्कार मछली पालन के लिए दुर्ग के अनिल कुमार साहू को। संस्कृत भाषा सम्मान संस्कृत भाषा के लिए रायपुर के डॉ. तोयनिधि वैष्णव को। डॉ. भंवर सिंह पोर्ते सम्मान आदिवासियों सेवा और उत्थान के लिए जंगो रायतार समाज कल्याण समिति, छत्तीसगढ़ को। महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव सम्मान श्रम के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कोरबा के एनटीपीसी थर्मल पॉवर स्टेशन, प्रसेनजीत साहा, वी. जनार्दनराव, रामलाल और दीपक कुमार पंडित को। बिसाहूदास महंत पुरस्कार सम्मान (संयुक्त रूप से) बुनकर के लिए जांजगीर-चाम्पा के सुनील कुमार, राजाराम देवांगन, तुकाराम देवांगन, श्रीराम देवांगन को। राजराजेश्वरी करुणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार बुनकर के लिए भाटापारा के राजेश कुमार देवांगन, टीकाराम देवांगन को। देवदास बंजारे स्मृति प्रदर्शनकारी लोक कला क्षेत्र में पामगढ के हृदय प्रकाश अनंत और दुर्ग के अमोलदास टंडन को। देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार लोक शैली पंथी नृत्य प्रदर्शनकारी कला दुर्ग के गौकरण दास बघेल को। किशोर साहू सम्मान हिन्दी/छत्तीरागढी सिनेमा, रचनात्मक ल े ख न , न िद े ़ श न , अभिनय.पटकथा, निर्माण मनमोहन सिंह ठाकुर को। किशोर साहू राष्ट्रीय हिन्दी/छत्तीसगढ़ी में निर्देशन में मुंबई के अपूर्व बड़गैय्या को। धन्वन्तरि सम्मान आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा तथा शोध क्षेत्र में रायपुर के डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव को। चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार प्रिन्ट मीडिया (हिन्दी) के लिए दंतेवाड़ा के सुश्री अम्बु शर्मा एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया (हिन्दी) के लिए अंशुमन शर्मा को। मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार प्रिन्ट मीडिया (अंग्रेजी) के लिए रायपुर के टिकेश्वर पटेल को। पं. माधव राव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान रचनात्मक लेखन और हिंदी भाषा के लिए टीकमगढ़ मध्यप्रदेश के श्रीमती मृणाल पाण्डे को। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान विधि क्षेत्र में बलौदाबाजार के ठाकुर भूपेन्द्र प्रताप सिंह और रायपुर के कु. शमीम रहमान को दिया जाएगा।

एनएमडीसी ने 'रनफॉरयूनिटी' के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

हैदराबाद । भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने अपने प्रधान कार्यालय तथा सभी परियोजनाओं में 'एकता की दौड़' के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस 2021 तथा आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एनएमडीसी ने हैदराबाद में चाचा नेहरू पाक के निकट स्पोर्ट्स कोचिंग फाउंडेशन में दौड़ आयोजित की।

सुमितदेब, अध्यक्ष -सह - प्रबंधनिदेशक, एनएमडीसी ने एनएमडीसी कर्मचारियों को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की प्रतिज्ञा दिलवाई और 'रनफारयूनिटी' का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सोमनाथनंदी, निदेशक (तकनीकी), दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन), के. प्रवीण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं विधि) तथा एनएमडीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागिता की। एनएमडीसी कार्मिकों ने विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ दौड़ में प्रतिभागी की तथा भारत के लौहपुरुष को अपनी श्रद्धांजलि

अर्पित की। एनएमडीसी भारत ञ्च75 को मनाने के लिए विभिन्न खेलकूद, शैक्षिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित कर रहा है।

इस अवसर पर सुमितदेब ने कर्मचारियों को सरदार वल्लभभाई पटेल की सत्यनिष्ठा के प्रतिप्रतिबद्धता तथा भारत की एकता के लिए उनके फौलादी संकल्प का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि 'आज जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम हमारे राष्ट्री यनेताओं द्वारा की गई संकल्पना के अनुसार भारत का निर्माण करें। आत्मनिर्भर भारत की इस यात्रा में एनएमडीसी देश की आधारभूत सुविधाओं की पूर्ति करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

गुरु घासीदास के दिखाये मार्ग पर चलकर प्रदेश तरक्की के सोपान चढ़ेगा

- **जिला स्तरीय गुरुदर्शन एवं सतनाम धर्म महासम्मेलन में शामिल हुए मंत्री गुरु रुद्र कुमार**

दुर्ग । गुरु घासीदास के दिखाये सत्य के मार्ग पर चलकर हम प्रदेश को तरक्की के सोपान पर निरंतर ले जाएंगे। उन्होंने जो आचार संहिता बताई है वो न केवल व्यक्तिगत आचरण की शुद्धि के लिए है अपितु इससे समाज और राष्ट्र की तरक्की की दिशा भी खुलती है। यह बात जिला स्तरीय गुरुदर्शन एवं सतनाम धर्म महासम्मेलन में शामिल हुए पीएचई मंत्री श्री गुरु रुद्र कुमार ने कही। मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गुरु जी की वाणी सबके कल्याण की वाणी थी। किसी भी समाज को आगे बढ़ाने में नैतिक चेतना की बड़ी भूमिका होती है। गुरू वाणी में इस नैतिक चेतना का सार है। इसके अंतःकरण से पालन करने पर हम यथेष्ठ उद्देश्य को प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि सतनाम समाज एकजुट होकर गुरु के बताये रास्ते पर चल रहा है और तेजी से तरक्की कर रहा है। हर क्षेत्र में सतनाम समाज के लोगों ने बहुत अच्छा काम किया है और अपनी जगह बनाई है। इस तरह सच्चरित्रता और अच्छे उद्देश्य के लिए होने वाली एकजुटता का लाभ पूरे समाज को मिलता है। बीते वर्षों में समाज में बहुत अच्छे कार्य हुए हैं और समाज के सभी नागरिकों को इससे लाभ पहुंचा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मिलजुलकर काम करने से बड़ी सफ्लताएं मिलती हैं। आज आप लोगों ने इतना अच्छा आयोजन किया। यहाँ आकर मुझे बहुत खुशी हुई। इस मौके पर समाज के पदाधिकारियों ने भी अपना संबोधन दिया। कार्यक्रम का आयोजन पद्मनाभपुर में विवेकानंद सभागार में किया गया।

बिहान बाजार में ऑफिसर्स ने भी की शापिंग, कलेक्टर भी सपत्नी पहुंचे और की शॉपिंग

- **पत्नी डॉ. रश्मि भुरे के साथ बिहान बाजार पहुंचे कलेक्टर, दीवाली के लिए दीये एवं अन्य सामग्री**

दुर्ग। बिहान बाजार के आखरी दिन जमकर बिक्री हुई। अधिकारियों ने भी इस मौके पर जमकर खरीदारी की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज पत्नी डॉ. रश्मि भुरे के साथ पहुंच कर दीवाली की शापिंग यहां की। उन्होंने खूबसूरत दीये एवं सजावट की सामग्री खरीदी। कलेक्टर ने बिहान बाजार में अपनी सामग्री विक्रय कर रही महिलाओं से खरीदी के बारे में जानकारी भी ली। महिलाओं ने बताया कि इसका रिस्पांस शानदार रहा है। लोगों ने जमकर खरीदी की है। हमारे यहां सभी तरह की वैरायटी की दीवाली सामग्री उपलब्ध थी और लोगों को यह खासा भाया। डिजाइनर दीये की विशेष रूप से माँग थी। महिलाओं ने बताया कि जो लोग खरीदने आये थे उनका कहना था कि हमने पिछली बार भी आप लोगों से यह सामग्री ली

थी और बहुत सुंदर तथा गुणवत्तापूर्वक सामग्री थी इसलिए इस बार भी बिहान बाजार में खरीदारी के लिए आये। उल्लेखनीय है कि इस बार बिहान बाजार में 106 स्व-सहायता समूहों ने अपने स्टाल लगाये हैं। इसमें दीवाली की ट्रेडिशनल सामग्री के साथ ही आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि भी आकर्षण के केंद्र हैं। सबसे ज्यादा बिकने वाली वस्तुओं में छत्तीसगढ़ी व्यंजन शामिल हैं। इन व्यंजनों में ठेठरी, खुरमी, पीड़िया आदि शामिल है। लोग इनके पैकेट्स ले जा रहे हैं। यह खास तरह का गिफ्ट पैक है। यहां खरीदी के लिए आये लोगों से भी कलेक्टर ने चर्चा की। इन लोगों ने बताया कि छत्तीसगढ़ी व्यंजन उपहार स्वरूप अपने प्रियजनों को देंगे। यह हमारी संस्कृति की चीजें हैं इसलिए हम बाजार से दूसरे फूड पैकेट्स क्यों लें। हम छत्तीसगढ़ी पैकेट्स गिफ्ट देंगे तो हमारा अपनी मिट्टी के प्रति अनुराग भी झलकेगा।

कुम्हारी ओवरब्रिज में सीमित समय के लिए शुरू हुई छोटे वाहनों की आवाजाही

दुर्ग। कुम्हारी ओवरब्रिज में आज 4 बजे सीमित समय के लिए छोटे वाहनों की आवाजाही आरंभ हुई। एनएच के अधिकारियों ने बताया कि यह सफलतापूर्वक हुआ। ओवरब्रिज रायपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए आरंभ किया गया था। यह तय किया गया था कि जिस तरह ट्रैफि क का दबाव अधिक रहेगा, उस तरफ से ओवरब्रिज खोला जाएगा। एनएच द्वारा ट्रैफिक की मानिटरिंग के लिए ट्रैफि क मार्शल लगाये गये थे। उल्लेखनीय है कि ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए ओवरब्रिज का काम तेजी से करने के निर्देश कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे द्वारा दिये गये थे।

संपादकीय

यूपी में प्रलोभन परोसने की होड़

उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनावी की उलटी गिनती शुरू होते ही सभी राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। मतदाताओं का मन मोहने के लिए राजनीतिक दलों में प्रलोभन परोसने की होड़ लग गई है। लगभग सभी राजनीतिक दलों ने किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा कर दी है। इसके अलावा कोई मुफ्त लेपटॉप देने की बात कर रहा है। तो कोई मुफ्त स्कूटी और कोई मुफ्त बिजली देने के वादे कर रहा है। अभी राजनीतिक पार्टियों का चुनावी घोषणा पत्र आना बाकी है। जाहिर है चुनावी घोषणा पत्रों में भी ऐसे लोक लुभावन वादों की भरमार होगी। वोट कबाड़ने की यह कोशिश अनुचित है। चुनाव आयोग तो पता नहीं क्यों वोट खरीदने की इन कोशिशों पर लगाम नहीं लगा पा रहा है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में दखल देना चाहिए। जनता को मुफ्तखोर बनाने वाले राजनीतिक दलों के लिए सुप्रीम कोर्ट को दिशा निर्देश जारी करने चाहिए। कायदे से मुफ्त शिक्षा और मुफ्त चिकित्सा जैसी घोषणाएं मान्य है। लेकिन मुफ्त अनाज देना या अन्य वस्तुएं देना और किसानों का कर्ज माफ करना उचित नहीं है। राजनीतिक दल इतने ही दरिया दिल है तो वे अपने पार्टी फंड से मुफ्त में ऐसी चिजें दे सकते हैं। इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। लेकिन सरकारी खजाने से वोट कबाड़ने के लिए मुफ्त में चिजे देना सीधे-सीधे वोटा का सौदा वह भी कर दाताओं के गाढ़े खून पसीने की कमाई का दुरूपयोग है। जनता से मिले टैक्स का पैसा विकास कार्यों पर खर्च होना चाहिए न कि मुफ्त खोरी को बढ़ावा देने के लिए इस बाबत पूर्व में भी कई बार मुफ्त खोरी के खिलाफ आवाजें उठी है लेकिन वे खारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई है। राजनीतिक दलों में यह धारणा बन गई है कि जनता मुफ्त में चीजे पाकर ही वोट देती है। इस तरह राजनीतिक पार्टियों ने ही मतदाताओं को लालची बना दिया है। जो लोकतंत्र का मजाक ही नहीं बल्कि अपमान भी है। इससे स्वतंत्र और निश्पक्ष चुनाव की संभावना भी क्षिण हो जाती है। कायदे से चुनाव आयोग को मतदाताओं के वोट खरीदने की इस कवायद पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए लेकिन चुनाव आयोग ऐसा नहीं कर पा रहा है तो सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में दखल देना चाहिए। ताकि यह गलत परंपरा बंद हो और देश में हर जगह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हो सके।

विचार

भारत को दबने की जरुरत नहीं

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इस बार ग्लासगो में होनेवाले जलवायु-परिवर्तन सम्मेलन शायद क्योतो और पेरिस सम्मेलनों से ज्यादा सार्थक होगा। उन सम्मेलनों में उन राष्ट्रों ने सबसे ज्यादा डींगें हांकी थीं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा गर्मी और प्रदूषण फैलाते हैं। उन्होंने न तो अपना प्रदूषण दूर करने में कोई मिसाल स्थापित की और न ही उन्होंने विकासमान राष्ट्रों के लिए अपनी जेबें ढीली कीं ताकि वे गर्मी और प्रदूषित गैस और जल से मुक्ति पा सकें। संपन्न राष्ट्रों ने विकासमान राष्ट्रों को हर साल 100 बिलियन डॉलर देने के लिए कहा था ताकि वे अपनी बिजली, कल-कारखानों और वाहन आदि से निकलनेवाली गर्मी और प्रदूषित गैस को घटा सकें। वे सौर-ऊर्जा, बेटरी और वायु-वेग का इस्तेमाल कर सकें ताकि वातावरण गर्म और प्रदूषित होने से बच सकें। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका ने तो पेरिस समझौते का ही बहिष्कार कर दिया। ये सब संपन्न देश चाहते थे कि अगले तीस साल में जलवायु प्रदूषण याने कार्बन-डाइआक्साड की मात्रा घटे और सारे विश्व का उष्मीकरण ज्यादा से ज्यादा 2 डिग्री सेल्सियस तक हो जाए। इस विश्व-तापमान को 1.5 डिग्री तक घटाने का लक्ष्य रखा गया। अमेरिका और यूरोपीय देश, जो सबसे ज्यादा गर्मी फैलाते हैं, उनका दावा है कि वे 2050 तक अपने तापमान को शून्य तक ले जाएंगे। वे ऐसा कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। वे यह कर भी सकते हैं, क्योंकि उनके पास वैसी तकनीक है, साधन हैं, पैसे हैं लेकिन यही काम वे इस अवधि में वैश्विक स्तर पर हुआ देखना चाहते हैं तो उन्हें कई वर्षों तक 100 बिलियन नहीं, 500 बिलियन डॉलर हर साल विकासमान राष्ट्रों पर खर्च करने पड़ेंगे। ये राष्ट्र अफग़ानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं। क्या वे नहीं जानते कि सारी दुनिया में तापमान-वृद्धि का दोष उन्हीं के माथे है? पिछले दो-ढाई सौ साल में एशिया, अफ्रीका और लातीनी अमेरिका का खून चूस-चूसकर उन्होंने जो अपना अंधाधुंध औद्योगीकरण किया और उपभोक्तावाद की ज्वाला भड़काई, उसने ही विश्व-तापमान उचकाया और उसी की नकल दुनिया के सारे देश कर रहे हैं। लगभग 50-55 साल पहले जब मैं पहली बार अमेरिका और यूरोप में रहा तो मैं वहां यह देखकर दंग रह जाता था कि लोग किस लापरवाही से बिजली, पेट्रोल और एयरकंडीशनिंग का दुरुपयोग करते हैं। अब इस मामले में चीन इन देशों को मात दे रहा है लेकिन भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा का उपयोग सारी दुनिया के कुल औसत से सिर्फ एक-तिहाई है। भारत यदि कोयला और पेट्रोल आधारित अपनी ऊर्जा पर उतना ही नियंत्रण कर ले, जितना विकसित राष्ट्र दावा कर रहे हैं तो उसकी औद्योगिक उन्नति ठप्प हो सकती है, कल-कारखाने बंद हो सकते हैं और लोगों का जीवन दूभर हो सकता है। इसीलिए भारत को इस मामले में बड़ा व्यावहारिक होना है।

दुश्मनों का काल है 'आकाश प्राइम'

योगेश कुमार गोयल

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार आकाश प्राइम 'सख्त ऑनबोर्ड इलैक्ट्रॉनिक सिस्टम' के साथ आएगी ताकि यह शून्य से 35-40 डिग्री सेल्सियस नीचे के तापमान पर भी काम कर सके, जो प्रायः जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सर्दियों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में औसत दैनिक न्यूनतम तापमान होता है। बहरहाल, मौसम की अलग-अलग स्थितियों में लक्ष्य को भेदने की क्षमता से लैस आकाश प्राइम मिसाइल का प्रयोग भारतीय वायुसेना द्वारा दुश्मन के हवाई हमलों से निपटने में किया जाएगा। यह मिसाइल पूरी तरह से गतिशील है और वाहनों के चलते काफिले की रक्षा करने में सक्षम है। यह मिसाइल ज्यादा ऊंचाई वाले ऐसे परिचालन क्षेत्रों में भी लक्ष्य को सटीकता से भेद सकती है, जहां तापमान बहुत कम होता है। दरअसल उच्च ऊंचाई पर कम तापमान वाले वातावरण में विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करना इस मिसाइल की बड़ी विशेषता है और मिसाइल की इसी विशेषता के कारण भारत के उत्तरी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में सेना की ताकत में वृद्धि होना तय है।

उच्च तकनीक वाली मिसाइलों, अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों और उच्च कोटि के सैन्य उपकरणों को सेना के तीनों अंगों का अहम हिस्सा बनाए जाने के चलते एक ओर जहां भारत की सैन्य ताकत लगातार बढ़ रही है, वहीं दुश्मन देशों की हर प्रकार की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना भी सशक्त हो रही है। इसी कड़ी में पिछले दिनों भारतीय रक्षा अनुसंधान केन्द्र (डीआरडीओ) ने आकाश मिसाइल के नए अपग्रेडेड वर्जन 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण करके सेना को मजबूत बनाने की दिशा में एक और बड़ी सफलता हासिल की। डीआरडीओ द्वारा यह परीक्षण तीव्र गति वाले एक मानवरहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाकर किया गया, जिसे 'आकाश-प्राइम' ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इस अपग्रेडेड आकाश मिसाइल को भारतीय सेना में शामिल किए जाने के बाद निसंदेह सेना की ताकत में बड़ा इजाफा होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 दिसम्बर 2020 को कैबिनेट की बैठक में भारत की स्वदेशी आकाश मिसाइलों का निर्यात करने का निर्णय भी लिया गया था, जिसके बाद अब दुनिया के अन्य देश भी इन मिसाइलों को खरीद सकते हैं। दरअसल ऐसी खबरें आती रही हैं कि फिलीपींस, बेलारूस, मलेशिया, थाईलैंड, यूएई, वियतनाम इत्यादि दुनिया के कुछ देश आकाश मिसाइलों की मारक क्षमता से प्रभावित होकर भारत से ये मिसाइलें खरीदना चाहते हैं।

निश्चित रूप से भारत के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि जो देश अब तक अपनी अधिकांश रक्षा जरूरतें कुछ दूसरे विकसित देशों से आयात करके पूरी करता था, वह अब रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ाते हुए दूसरे देशों को सैन्य साजो-सामान निर्यात करने की ओर भी कदम बढ़ा रहा है। आकाश मिसाइल डीआरडीओ द्वारा विकसित और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित एक मध्यम दूरी की मोबाइल सैम (सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल) प्रणाली है, जो 18 हजार फुट तक की ऊंचाई पर 30-80 किलोमीटर दूर तक निशाना लगा सकती है। आकाश मिसाइल के विभिन्न संस्करणों में लड़ाकू जेट, हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की विलक्षण क्षमता है।

भारतीय थलसेना और भारतीय वायुसेना में आकाश एमके-1 तथा आकाश एमके-1एस की कई स्क्वाड्रन तो पहले से ही कार्यरत हैं। चीन के साथ हुए सीमा विवाद के दौरान गत वर्ष आकाश मिसाइल के कुछ संस्करणों को लद्दाख में एलएएसी पर भी तैनात किया गया था। इसके अलावा भारतीय वायुसेना द्वारा ग्वालियर, जलपाईगुड़ी, तेजपुर, जोरहाट, पुणे एयरबेस पर भी आकाश मिसाइलें तैनात की गई हैं। भारत में अभी तक आकाश मिसाइल के कुल तीन वैरिएंट मौजूद थे, जिनमें 30 किलोमीटर रेंज वाली 'आकाश एमके1', 40 किलोमीटर रेंज वाली 'आकाश एमके1एस' और 80 किलोमीटर रेंज की 'आकाश-एनजी' मिसाइलें शामिल थी। अब चौथा संस्करण 'आकाश प्राइम' भी आकाश मिसाइलों की इस श्रृंखला में जुड़ गया है। आकाश एमके1 और एमके1एस सभी मौसम में कम, मध्यम और ऊंचाई से प्रवेश करने वाले मध्यम दूरी के हवाई लक्ष्यों के खिलाफ एक वायु रक्षा हथियार प्रणाली (एयर डिफेंस वेपन सिस्टम) है लेकिन आकाश प्राइम मिसाइल को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह ऐसी परिस्थितियों से और भी बेहतर तरीके से निपट सके।

21 जुलाई 2021 को आकाश मिसाइल के अपडेटेड वर्जन 'आकाश-एनजी' (आकाश न्यू-जनरेशन) का भी सफल परीक्षण किया जा चुका है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) द्वारा विकसित किया गया और भारत इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) तथा भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) द्वारा इसका उत्पादन किया जा रहा है। सतह से हवा में मार करने वाली भारतीय वायुसेना के लिए बनाई गई 19 फुट लंबी, 720 किलोग्राम वजनी और 1.16 फुट व्यास वाली आकाश-एनजी मिसाइल अपने साथ 60 किलोग्राम वजन के हथियार ले जा सकती है और 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक जाकर करीब 60 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य को भी भेद सकती है। इसकी रेंज 40 से 80 किलोमीटर है। आकाश सीरिज की यह मिसाइल दुश्मन को बचने की तैयारी का कोई अवसर नहीं देती क्योंकि इसकी गति 3.5 मैक अर्थात् 4321 किलोमीटर प्रतिघंटा है यानी यह महज एक सेकेंड में ही सवा किलोमीटर की दूरी तय करती है। इस मिसाइल को बनाने की अनुमति वर्ष 2016 में मिली थी, जिसमें डुअल पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर है, जो इसकी गति को बढ़ाती है। इसके अलावा इसमें एक साथ कई दुश्मन मिसाइलों या विमानों को स्कैन करने के लिए एक्टिव इलैक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे मल्टी फंक्शन राडार (एमएफआर) लगा है।

डीआरडीओ द्वारा अब सतह से हवा में आसानी से अपने लक्ष्य को भेद सकने में सक्षम आकाश मिसाइल के जिस नए संस्करण 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण किया गया है, वह पहले से मौजूद आकाश मिसाइल प्रणाली से कई मायनों में आधुनिक और बेहतर है। 560 सेंटीमीटर लंबी तथा 35 सेंटीमीटर चौड़ी आकाश प्राइम मिसाइल में कई अत्याधुनिक साजो-सामान जोड़े गए हैं और यह मिसाइल 60 किलोग्राम वजन तक के विस्फोटक अपने साथ ले जाने की ताकत रखती है। यह भारत की बेहद शक्तिशाली और तीव्र गति से हमला करने वाली मिसाइल है। आकाश प्राइम में आकाश मिसाइल के पुराने वर्जन में कई महत्वपूर्ण सुधार करते हुए ग्राउंड सिस्टम तथा अत्यधिक ऊंचाई पर जाने के बाद तापमान नियंत्रण के यंत्र को अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा रडार, ईओटीएस तथा टेलीमेट्री स्टेशन, मिसाइल ट्रैजेक्टरी और फ्लाइट पैरामीटर्स को भी सुधारा गया है। कुछ रक्षा विश्लेषकों के मुताबिक वास्तव में इसे आकाश एमके1एस को फिर से री-डिजाइन करके तैयार किया गया है, जिसका भारतीय सेना द्वारा पांच बार परीक्षण किया जा चुका है और आज के समय की मांग को देखते हुए आकाश प्राइम पूरी तरह सक्षम है। आकाश प्राइम में स्वदेशी एक्टिव आरएफ सीकर (रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर) लगा है, जो दुश्मन के टारगेट को पहचानने की सटीकता और इसकी मारक क्षमता को बढ़ाता है। आरएफ सीकर यह सुनिश्चित करता है कि मिसाइल जिस लक्ष्य पर दागी गई है, वह हिट हो।

आकाश प्राइम मिसाइल अपने लक्ष्य को अधिक सटीक तरीके से भेदने में सक्षम है, जिसमें अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में विषम जलवायु परिस्थितियों से निपटने के लिए रडार और ट्रैकिंग के साथ लांच सिस्टम के लिए कई अतिरिक्त फीचर्स भी मौजूद हैं। इनमें -20 डिग्री सेल्सियस से 60 डिग्री सेल्सियस तापमान पर भी बखूबी कार्य करने वाली बैटरियों की सुविधा होगी, जो इन्हें ठंडे मौसम की स्थिति में उपयोग के लिए व्यावहारिक बनाती है, जहां वायु रक्षा प्रणाली को लंबी अवधि के लिए विपरीत जलवायु में तैनात किया जाता है।

बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने का सही फैसला

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

हाल के महीनों में ड्रोन देखे जाने के बाद, इन महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को ड्रोन विरोधी सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए श्रीनगर और जम्मू में एयर फोर्स स्टेशनों पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को तैनात किया गया है। दरअसल, पंजाब में लगातार पाकिस्तान की तरफसे आए ड्रोन दिख रहे हैं। ये ड्रोन पंजाब में हथियार गिरा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में कई बार पंजाब में ड्रोन से गिराए गए हथियारों की बड़ी खेप बरामद की गई है। सुरक्षा विशेषज्ञों को आशंका है कि पंजाब में गिराई गई हथियारों की ये खेप कश्मीर में सप्लाई होनी थी। इसी साल 3 अक्टूबर को जम्मू के सौजन गांव में ड्रोन से हथियार गिराए गए थे। सौजन में एके-47, 3 मैगजीन, 30 गोलियां और नाइट विजन डिवाइस गिराए गए थे। 9 अगस्त को अमृतसर में पाकिस्तान से आए ड्रोन ने हथियार गिराए थे। पंजाब के अमृतसर में हैंड ग्रेनेड, टिफिन बम, आईईडी और कारतूस गिराए गए थे।

पिछले दिनों केंद्र सरकार ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में तलाशी लेने और गिरफ्तारी करने का अधिकार बीएसफको दे दिया है। पहले यह दायरा 15 किमी तक ही सीमित था। अब इसे 15 से बढ़ाकर 50 किलोमीटर किए जाने के बाद पंजाब में सियासी घमासान शुरू हो गया है। सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने केंद्र से फौरन फैसला वापस लेने की मांग की, तो पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर ने केंद्र के फैसले को सही करार दिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने गृह मंत्रालय के इस फैसले को पंजाब के साथ धोखा करार दिया। चन्नी ने कहा इस फैसले के बाद आधे से ज्यादा पंजाब बीएसएफ के बहाने केन्द्र सरकार के कंट्रोल में चला जाएगा।

बीएसएफ का अधिकार-क्षेत्र बढ़ाने के बाद अब पूर्वोत्तर राज्यों-मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय-के साथ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सरीखे संघशासित क्षेत्रों में बीएसएफ का ऑपरेशन क्षेत्र पूरे राज्य में होगा। यानी सीमा के भीतर पूरी तरह अंदर जाकर बीएसएफकार्रवाई कर सकता है, जबकि पंजाब, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल और असम में सीमा से 50 किलोमीटर राज्य के भीतर जाकर बीएसएफ तलाशी और गिरफ्तारी को अंजाम दे सकेगा। उन कार्रवाइयों के लिए अब उसे राज्य पुलिस, प्रशासन और अदालत के साथ समन्वय और अनुमति की बाध्यता नहीं होगी। विपक्ष की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती है, लिहाजा पंजाब और बंगाल में भाजपा-विरोधी दलों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के इस निर्णय को संघीय ढांचे के खिलाफकरार दिया है। पंजाब कांग्रेस की आशंका है कि मोदी सरकार इस निर्णय के जरिए राष्ट्रपति शासन थोपना चाहती है। इस निर्णय के पीछे पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की सलाह भी मानी जा रही है। आकलन यह भी सामने आया है कि आधे पंजाब पर पुलिस के बजाय बीएसएफ का नियंत्रण होगा, लिहाजा इस तरह राज्य सरकार के अधिकार क्षीण होंगे। इसे संवैधानिक तौर पर उचित नहीं माना जा रहा है, क्योंकि संविधान में कानून-व्यवस्था को राज्य सरकार के अधीन का

मामला तय किया गया है। संविधान केंद्र सरकार को भी ऐसे संशोधन करने और सुरक्षा बल का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने की शक्तियां देता है। अलबत्ता उसे संसद से पारित कराना भी लाजिमी है। मोदी सरकार ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला माना है। पंजाब में हालात बेहद असुरक्षित हैं। वहां ड्रोन से हथियारों की आपूर्ति और नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती रही है। संभव है कि पूर्व मुख्यमंत्री ने मुलाकात के दौरान गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को पूरी तरह ब्रीफकिया होगा। पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मीडिया के समक्ष कहा कि, पुलिस पूरी तरह से मजबूत है। पंजाब पुलिस अपना काम करेगी लेकिन जहां पर बीएसएफ की मदद की जरूरत पड़ेगी तो बीएसएफ आगे रहेगी। बीएसएफ को यह जिम्मेदारी न सिर्फ पंजाब में बल्कि अन्य राज्यों में भी दी गई है। पहले राज्य में 6 और अब 31 किलोमीटर तक ड्रोन आ रहे हैं। इसके बाद भी पंजाब सरकार इसे नजरअंदाज कर रही है। राज्य सरकार का यह कदम आलोचना योग्य है। बीएसएफको लेकर राज्य का प्रशासन और स्वर्ण मंदिर अपने हाथों में लेने के आरोप बेबुनियाद हैं।

पाकिस्तान प्रायोजित आंतकी और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों से जुड़ी खबरें लगातार मीडिया में आती रहती हैं। पंजाब में ड्रोन के द्वारा नशीले पदार्थों की खेप गिराने की खबरें लगातार प्रकाश में आ रही हैं। गुरूवार को पंजाब के अमृतसर में अजनाला थाना क्षेत्र के पास भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक ड्रोन देखा गया। सीमा सुरक्षा बल की 73वीं बटालियन ने ड्रोन पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद यह वापस सीमा के पाकिस्तान की ओर चला गया। बीएसएफ और सुरक्षा एजेंसियां इस संदेह के बीच इलाके की तलाशी ले रही हैं कि ड्रोन का इस्तेमाल सीमा के भारतीय हिस्से में एक खेप गिराने के लिए किया गया था। ऐसा ही एक ड्रोन बीते 19 और 20 अक्टूबर की रात अमृतसर सेक्टर में भारत-पाक सीमा पर देखा गया था, जिसके बाद बीएसएफ ने फायरिंग कर दी थी। बताया जा रहा है कि बीएसएफकर्मियों ने इलाके की तलाशी के बाद एक किलो हेरोइन और उससे जुड़ी लोहे की अंगूठी बरामद की। पहला ड्रोन हमला 27 जून को जम्मू में भारतीय वायु सेना स्टेशन पर हुआ था। सीमा पार से आए दो ड्रोनों ने बम गिराए, जिससे दो वायुसैनिक घायल हो गए और एक इमारत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भटकता ही रहा मैं दर बदर कुछ

भटकता ही रहा मैं दर बदर कुछ भी नही पाया, हुए नासूर सारे ज़ख्म के मैं सी नही पाया, भरम तो ज़िन्दगी का है अभी भी साँस चलने से, मगर जबसे गयी तू एक पल भी जी नही पाया।।

गोविन्द शर्मा

जब अपने चारों तरफ़ देखा करके

जब अपने चारों तरफ़ देखा करके गौर। ऐसा लगता आ गया, कट्टरता का दौर। कट्टरता का दौर, सदा इंसानी दुश्मन। होता कत्ले-आम, रुकेगी कैसे अनबन। बने पंथ निरपेक्ष, सभी सी लेते हैं लब। होकर हिंस्र प्रहार, परस्पर करते हैं जब।।

डॉ.बिपिन पाण्डेय

खास पाती | उस दिन यूँ ही अचानक कहा

उस दिन यूँ ही अचानक कहा था तुमने शून्य में ताकते हुए से किसी गहरी सोच में डूबे हुये से धीमें से कहा था तुमने हम जिसे चाहते हैं वो हमारा क्यूँ नही होता अगर किसी के नसीब में हो बिछड़ना तो खुदा फिर मिलाता क्यूँ है और मैं बस देखती रही एकटक तुम्हारी आँखों में शायद जान लेना चाहती थी सब कुछ और मुझे मेरे प्रश्नों के संग यूँ ही तन्हा छोड़ गये तुम देखती रही तुम्हे जाते हुए कहना चाहती थी तुम्हे ऐ जिंदगी ठहर तो जरा देख लूँ तुझे जी भर के जरा पर तुम चले गये फिर कभी ना लौटने के लिये और मैं देखती रही इस उम्मीद के साथ शायद तुम लौट आओगे फिर एक बार... फिर कभी ना जाने के लिए । **डेज़ी जासवाल**

दीप जला अवनि पर हमारा, झूम

दीप जला अवनि पर हमारा, झूम उठा अंबर का तारा। मन की हिम्मत बने सहारा, तो चमके किस्मत का तारा । जगमग जग हम कर दें सारा, फैला दें ऐसा उजियारा। दूर कहीं बोला इकतारा, और नहीं कहीं ऐसा नज़ारा। **अलका अग्रवाल**

ऐसन महंगाई मा दीया कैसे जलावंव

ऐसन महंगाई मा दीया कैसे जलावंव, दीया तो मिल जाही तेल कहां से लावंव। खेत खार गाय गरुआ जम्मो बिक गेहे, अब खुद ला बारंव या परोसी ला बारंव। चांउर दार गोंदली नून घलो घर मा नइ हे, लैका ला में जुच्छा पसिया कैसे पिलावंव। मनरेगा स्कीम हा घलो्क बंद होगे हवय, काम बुता बर कोन शहर कोती मे जावंव। परधान ला कहिबे महंगाई रोकव तो कहिथे, ठहरो चार देस मे अउ घूम के तो आवंव।

डॉ संजय दानी

रिश्तों के झीने पहरन को यूँ ओढ़

रिश्तों के झीने पहरन को यूँ ओढ़ के रखा है तन पर हवा भी थोड़ी गर्म चले गर उड़ जाता है उथला आँचल रिश्तों के कच्चे धागों से भी कब जुड़ता है रिश्तों का बंधन अपनेपन का एहसास न हो तो टूट ही जाता है रिश्तों का बंधन खून के रिश्ते अक्सर दिखते रस्मों का सामाजिक बंधन मन का रिश्ता जोड़ सको गर तोड़ सके न रिश्तो का बंधन । **शिखा लाहिरी**

धुआँ ही धुआँ है, वो फिज़ायें अब



धुआँ ही धुआँ है, वो फिज़ायें अब कहाँ हैं कहाँ गये वो मंजर, वो घटायें अब कहाँ हैं उतर चुके हैं अब तो,हम खुद ही अपने अंदर कहाँ हैं वो समंदर ,वो हवायें अब कहाँ हैं कोई हक से बाँह थामे,और नाज़ ये उठाये हम जिसका साथ पाकर इतरायें,अब कहाँ हैं वहश्त सी हो रही है,घर जायें भी तो क्यूँ कर कहाँ हैं वो दुआयें ,वो वफायें अब कहाँ हैं यह खुद ही रूठ जाना और खुद ही मान जाना सीने से आके हमको जो लगायें,अब कहाँ हैं कोई हमको भी तो रोके,कोई हमको भी पुकारे वापिस हमें बुला लें,वो सदायें अब कहाँ हैं।**अनु मित्तल**

कैसे तुम से वादा कर लूँ, जीवन अपना

कैसे तुम से वादा कर लूँ, जीवन अपना आधा कर लूँ ।। कुब्जी प्रीति तुम्हारी के संग मन को कैसे राधा कर लूँ।। सुई रखोगे नश्तर वाली कैसे खुद को धागा कर लूँ ।। कृपण नियति बाँटोगे मनभर कम से कैसे ज़्यादा कर लूँ ।। गूँगे गीत सिखाओगे जब स्वर को कैसे बाजा कर लूँ। लड़ बाँटोगे कुनबे अपने चूल्हा कैसे साझा कर लूँ। लूटोगे नित नई पतंगें उनसे जुड़ क्यों मांझा कर लूँ । होंगे सुबह-शाम फक्कड़ जब दिन को कैसे राजा कर लूँ ।। **कल्पना मनोरमा**

QUIZ TIME

1) संसद ने 9 अगस्त, 2021 को संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2021 पारित किया। इस संशोधन द्वारा अरूणाचल प्रदेश की किस अनुसूचित जनजाति को उस राज्य में चिन्हित अनुसूचित जनजातियों की सूची से हटा दिया गया है? (मिश्मी / अबोर / गारो)

2) किस देश ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की अध्यक्षा ग्रहण की है?

3) विश्व में सर्वाधिक सहकारी संस्थाएँ किस देश में है?

4) भारत में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की संख्या है?

5) मिन आंग हलिंग ने किस देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) अबोर (2) भारत (3) भारत (4) 8 (5) म्यांमार

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 01 नवंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1755 - पुर्तग़ाल की राजधानी लिस्बन में भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत। 1765 - ब्रिटेन के उपनिवेशों में स्टैम्प एक्ट लागू किया गया। 1800 - जॉन एडम्स व्हाइट हाउस में रहने वाले अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने। 1858 - भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटेन के शासक के पास चला गया तथा गवर्नर-जनरल की जगह अब वायसराय की नियुक्ति की जाने लगी। 1881 - कलकत्ता में ट्राम सेवा स्यालदाह तथा अर्मेनिया घाट के बीच शुरू हुई। 1913 - स्वतंत्रता सेनानी तारकनाथ दास ने कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को शहर में गदर आंदोलन की शुरुआत की। 1922 - ओटोमन साम्राज्य का अंत कर दिया गया। 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन की सेना नीदरलैंड के वालचेरेन पहुंची। 1946 - पश्चिम जर्मनी के राज्य निदरसचसेन का गठन किया गया। 1950 - भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया। 1952 - जय नारायण ने राजस्थान के मुख्यमंत्री पद को ग्रहण किया। 1954 - फ्राँसीसी क्षेत्र पांडिचेरी, करिकल, माहे तथा यानोन भारत सरकार को सौंपे गये। 1956 - कर्नाटक राज्य की स्थापना। भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया। राजधानी दिल्ली केन्द्र शासित राज्य बना। 1958 - तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। 1966 - हरियाणा राज्य की स्थापना। 1972?- कांगड़ा ज़िले के तीन ज़िले कांगड़ा, ऊना तथा हमीरपुर बनाए गए।

न्यूज गैलरी

निगम में राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली गई शपथ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 31 अक्टूबर को निगम सभागृह में महापौर हेमा देशमुख की अध्यक्ष्यता में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाई गयी जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों सहित निगम पदाधिकारियों को निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने शपथ दिलायी। इस अवसर पर महापौर, आयुक्त सहित नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे व दुलारी बाई साहू, नामांकित पार्षद मामराज अग्रवाल व प्रभात गुप्ता, उपायुक्त सुदेश सिंह, कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर पुष्पांजली अर्पित की।

एचआईवी पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। नेहरू युवा केंद्र कवर्धा छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र कवर्धा के नेतृत्व में विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कुंडा में एक दिवसीय शाला त्यागी युवाओं के लिए एचआईवी/ एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में डॉ बीएल राज बीएमओ पंडरिया, जयप्रकाश चंद्रवंशी आरएमए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा, जेम्स जॉन कोविड-19 नोडल ऑफि सर एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में तूलिका शर्मा और पुरुषोत्तम निर्मलकर उपस्थित रहे। रिसोर्स पर्सन तूलिका शर्मा ने युवाओं को यौन जनित संक्रमणों के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों के साथ ही एचआईवी, एड्स के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी।

ग्राम पंचायत भवन खोलने जिपं सीईओ ने जारी किए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिपं सीईओ लीना मंडावी ने एक आदेश जारी कर जिले के समस्त जनपद पंचायत सीईओ बेमेतरा, साजा, नवागढ़ एवं बेरला को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर शासकीय विभाग के समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन एवं ग्रामीणजनों की सुविधा की दृष्टि से प्रत्येक दिवस ग्राम पंचायत भवन का खुलना अनिवार्य है। कतिपय ग्राम पंचायतों द्वारा पंचायत भवन को खोला नहीं जा रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायतों के सचिवों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत भवन को खोलकर समस्त शासकीय कार्य का संपादन पंचायत भवन से किया जाए। सभी सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायत भवन मे रंग-रोगन/साफ सफाई एवं आवश्यक बैठक व्यवस्था किया जाए और यदि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पंचायत भवन बंद या साफसफ ई नहीं पाया जाता है तो संबंधित सचिवों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

बाल बाल बचे पटवारी, मालगाड़ी के 15 डिब्बे ऊपर से गुजरे

भाटापारा/नवप्रदेश। खड़ी मालगाड़ी को पार करते समय मालगाड़ी के चल पढ़ने से हिम्मत व सूझबूझ दिखाने वाले निपनिया में कार्यरत पटवारी की जान उस वक्त बच गई जब वे दोनों रेल लाइन के बीच लेट गए और उनके ऊपर से मालगाड़ी के 15 डिब्बे पार हो गए। शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे निपनिया में कार्यरत पटवारी सेवक राम जोगांस (57 साल) अपना काम निपटा कर वापस अपने घर हथबंद जाने के लिए निपनिया स्टेशन आकर टिकट कटा कर प्लेटफार्म एक पर गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। इस बीच एक एक्सप्रेस गाड़ी प्लेटफार्म नंबर 2 पर सिग्नल नहीं मिलने पर खड़ी हो गई। पटवारी मेरी गाड़ी आ गई करके खड़ी हुई मालगाड़ी कोयला रैक के नीचे से निकलने के समय कोयला रैक छूट गया। वहीं पर पटरी के बीच में सो गए। उक्त घटना को न्यूवोको सीमेंट कंपनी के निपनिया साइडिंग में कार्यरत राजेंद्र गुप्ता आफिस काम निपटा कर वापस जा रहे थे उन्होंने ये नजारा देखा तो तुरंत निपनिया स्टेशन मास्टर को यथा स्थिति से अवगत कराया। स्टेशन मास्टर ने तुरंत वाकी टाकी से बात कर रैक को रुकवाया। तब तक पटवारी के ऊपर से मालगाड़ी के 15 डिब्बे गुजर गए थे। मालगाड़ी के रुकते ही नीचे से पटवारी को सुरक्षित बाहर निकलने से प्लेटफार्म में उपस्थित यात्रियों ने राहत की सांस ली। सभी लोगों ने राजेंद्र गुप्ता व स्टेशन मास्टर की तत्परता की सराहना की। लोगो ने कहा संयोगवश गाड़ी के नीचे कोई लोहा नहीं लटक रहा था नहीं तो हादसा हो सकता था।

स्टेडियम में होगा राज्योत्सव, संसदीय सचिव डॉ रश्मि होंगी मुख्य अतिथि

बालोद/नवप्रदेश। आज दोपहर 3 बजे छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का जिला स्तरीय आयोजन का उद्घाटन होगा। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव डॉ रश्मि आशीष से होंगी। वही विशेष अतिथि के रुप में विधायक संजारी संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना देवी देशलहरा, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष प्रेमलता साहू होंगे। इस आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। दोपहर 3 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाएगा। राज्योत्सव स्थल पर प्रदर्शनी के माध्यम से विभागीय योजनाओं और कराए गए विकास कार्यों को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। राज्योत्सव स्थल पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जल संसाधान विभाग, खाद्य विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, जिला अंत्यावसायी, नगर पालिका, सहकारिता, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, जनसम्पर्क विभाग, पुलिस आदि विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

यूपी के तस्कर इंडिगो में गुप्त चेंबर बनाकर ले जा रहे थे गांजा

■ चिल्फी पुलिस ने तीन तस्करों को पकड़ा, 6 लाख रुपए का गांजा जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा पुलिस ने फिर से लाखों रुपए का गांजा पकड़ा है। पुलिस ने इस बार तस्करों से 6 लाख रुपए से अधिक का गांजा जब्त किया है। 3 तस्कर बड़े ही चालाकी से इंडिगो कार में गुप्त चेंबर बनाकर गांजा ले जा रहे थे। जिसे चिल्फी पुलिस ने पकड़ लिया। तीनों तस्करों से 31 किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए तीनों तस्कर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। चिल्फी थाना प्रभारी बृजेश सिन्हा के द्वारा अपने सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए तस्करों पर नजर रखी जा रही। इसी कड़ी में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि रायपुर की तरफ से एक सफेद रंग की टाटा इंडिगो कार आ रही है जिसमें गांजा का परिवहन किया जा रहा। इस सूचना पर टीआई ने एक टीम रवाना कर चलित नाकेबंदी के माध्यम से संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। तभी मुखबिर के बताए अनुसार एक टाटा इंडिगो कार क्रमांक स्ख07 ष्ट - 9175 को रोक कर तलाशी ली गई। कार चालक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम चंद्र प्रकाश प्रजापति पिता स्व. रामचरण 47 वर्ष निवासी बीके पूरन सेकेंड आजमपारा वार्ड नंबर 41 आगरा का होना बताया। जबकि दूसरे ने इकबाल खान पिता अली अहमद 28 वर्ष निवासी रुनकता थाना सिकंदर जिला आगरा और प्रवीण कुमार गौतम पिता स्व. महेंद्र पाल गौतम 37 वर्ष निवासी सुजात नगर थाना पचोखरा जिला फिरोजाबाद हाल मुकाम उदय राम विहार कॉलोनी आगरा जिला आगरा का होना बताया। कार की तलाशी लेने पर कार के सीट के पीछे एवं ब्रेक लाइट के नीचे गोपनीय चेंबर बनाकर ऊपर से लोहे के प्लेट को ऊपर से नट बोल्ट से कसा हुआ मिला जिसे खोलकर चेक करने पर कुल 34 पैकेट गांजा कुल 31.560 किलोग्राम अनुमानित कीमत 06 लाख 31 हजार 200 रुपए व वाहन 04 लाख रुपए का व 01 नग मोबाइल कीमती 10 हजार कुल जुमला 10 लाख 41 हजार 200 रुपए जब्त किया। इस कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा रावटे व अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके के निर्देशन में थाना प्रभारी चिल्फ ी बृजेश सिन्हा के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक गोविंद चंद्रवंशी एवं चिल्फी थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

राज्योत्सव में में तीस से अधिक विभागों की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस आज आचार्य पंथ श्री गृंथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय मैदान में राज्योत्सव मेला का आयोजन किया जाएगा। एक दिवसीय राज्योत्सव के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर ने राज्योत्व की तैयारियों का अंतिम रूप दिया। राज्योत्सव में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, कवर्धा जनपद अध्यक्ष चन्द्रवंशी समेत अन्य नेता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। एक दिवसीय राज्योत्सव मेले में इस बार छत्तीसगढ़ की कला-सांस्कृति पर आधारित खूबसूरत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छंटा बिखरेगी। वहीं राज्योत्सव मेले में छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित तीस से अधिक अलग-अलग विभागों की स्टॉल लगाने की तैयारी चल रही है। आयोजन स्थल पर जिले के नागरिकों की छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। वहीं बैकर्स भी अपने-अपने स्टॉल लगाएं और बैकिंग सुविधाओं के साथ-साथ शुभनिवेशों के बारे में जानकारी भी ले सकते है।

पीएससी टॉपर के घर पहुंच कलेक्टर ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की टॉपर आस्था बोरकर को उनके घर जाकर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने आस्था को मिठाई खिलाई तथा उनके माता-पिता एवं परिवार के सदस्यों को हार्दिक बधाई दी।

कलेक्टर ने कहा कि आस्था ने लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रथम स्थान पर चयनित होकर जिले का नाम रौशन किया है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह सफ्लता के नये कीर्तिमान स्थापित करें। उन्होंने आस्था से कहा कि आगे संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा की तैयारी करें।

इरादे मजबूत हो तो कोई मंजिल कठिन नहीं है। अपनी तैयारी आगे भी जारी रखें। कलेक्टर ने आस्था के माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि इस सफ लता के लिए आप सबने बहुत मेहनत की है। उल्लेखनीय है कि आस्था बोरकर ने शासकीय दिग्विजय कॉलेज से पढ़ाई की है और राजनांदगांव में ही रहकर उन्होंने पीएससी की परीक्षा की तैयारी की है। उनके पिता ध्रुवराज बोरकर रेल्वे में कार्यरत हैं तथा माता गृहिणि है।

राज्योत्सव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे अमितेश

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव का एक दिवसीय आयोजन एक नवम्बर को स्थानीय गांधी मैदान में किया जाएगा। इस महोत्सव को खास बनाने के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रंग सरोवर, अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायक चेतन देवांगन और अंतरराष्ट्रीय ओडिशी नृत्यांगना आर्या नंदे की प्रस्तुति से समा बंधेगा। जिला स्तरीय राज्योत्सव के लिए प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ल मुख्य अतिथि के आसंदी से आज शाम 06.30 बजे राज्योत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे। एक दिवसीय राज्योत्सव के अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

मेयर ने तालाबों व आसपास सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने दिए निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दीपावली त्यौहार व छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए महापौर हेमा देशमुख ने प्र. स्वास्थ्य अधिकारी अजय यादव को शहर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के साथ-साथ मोती तालाब व चिखली तालाब के अलावा अन्य तालाबों के आसपास सफ ई कराने दवा का छिड़काव करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि दीपावली त्यौहार के कारण शहर के आंतरिक व बाह्य क्षेत्रों सहित बाजार व शहर के प्रमुख मार्गो में भीड़ की स्थिति निर्मित हो रही है जिसे ध्यान में रखते हुए शहर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे, नाली से कचरा निकालने के उपरांत कचरा तुरंत उठावे, दवाई एवं चुना का छिड़काव करें। मच्छर के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुये वार्डो में फागिंग करें। दुकानदारों व पसरा वालों को गंदगी न फैलाने कचरा वाहन में डालने, डस्टबीन का उपयोग करने की समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये, मोती तालाब, चिखली तालाब सहित अन्य तालाबों के आसपास साफ कर कटिली झाड़िया कटाने एवं दवाई का छिड़काव कर चुना लाईन डालने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

देवरबीजा में होगा सर्वसुविधा युक्त किसान कुटीर का निर्माण : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरबीजा में सेवा सहकारी समिति द्वारा आयोजित वार्षिक आम जलसा एवं किसान कुटीर भूमिपूजन समारोह में मुख्य आतिथ्य विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। विधायक ने नारियल भोड़कर किसान कुटीर का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आज बड़ा हर्ष का विषय है, सेवा सहकारी समिति देवरबीजा में वार्षिक आम जलसा एवं किसान कुटीर के भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किसान कुटीर का निर्माण किया जाएगा। यह निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड के माध्यम से होगा। जिसमें क्षेत्र के सभी किसानों को अब अपने कृषि उपज बेचते समय होने वाली व्यवहारिक दिक्कतों से दो चार नहीं होना पड़ेगा। सोसाइटी में 13.50 लाख रूपये की लागत से बनने वाले किसान कुटीर में कैंटीन सहित शौचालय, शयनकक्ष, स्वच्छ जल हेतु वाटर कूलर सहित विश्राम तथा मनोरंजन की व्यवस्था रहेगी।

कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

■ मंच, बैठक व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम एवं परिसर में राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने वहां शासकीय योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टाल में महिला स्वसहायता समूह के सामग्री, दीपावली पर्व के लिए आवश्यक सजावटी सामग्री, बांसशिल्प एवं हस्तशिल्प का स्टाल लगाएं। उन्होंने गढ़कलेवा के छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगाने के लिए कहा। कृषि विभाग के स्टाल में शहद, सीताफ्ल, रागी एवं अन्य उत्पाद भी प्रदर्शनी में रखे। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों की जानकारी ली। परिसर में साफसफाई एवं सजावट करने के लिए कहा। इस बार राज्योत्सव के अवसर पर जनसामान्य गढ़कलेवा के स्टाल में छत्तीसगढ़ी लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। सभी स्टाल में नागरिकों को शासकीय योजनाओं तथा उपलब्धियों की जानकारी मिलेगी। महिला स्वसहायता समूह के स्टाल में दीपावली की सजावट के लिए सामग्री विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं राज्योत्सव में कृषि, उद्यानिकी, नगर निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनसंपर्क विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग, सहकारिता एवं श्रम विभाग, क्रेडा विभाग, आयुष विभाग द्वारा स्टाल लगाया जाएगा।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई शपथ

बेमेतरा/नवप्रदेश। आजाद भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप मे मनाया गया। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कलेक्टोरेट परिसर में अधिकारियों/कर्मचारियों को शपथ दिलायी। जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों ने शपथ लेते हुए कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका।

शिशु के जीवन के प्रथम 1 हजार दिन होते हैं बहुत महत्वपूर्ण : रेणु प्रकाश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा शिशुवती माताओं में सुपोषण के लिए जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में जन जागरुकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने के साथ ही अब गर्भवती महिलाओं की पोषण जरूरतों को पूरा करने के लिए हर गर्भवती के घर पोषण टुकनी लगवाई जा रही है। इस पोषण टुकनी में प्रति महीने 500-500 ग्राम चनाए, मूंग, मूंगफली, गुड़ और फूटे चने रखवाए जा रहे हैं। यही चना-मूंग अंकुरित कर, मूंगफ ली भिगाकर गुड़ के साथ खाने का परामर्श दिया जा रहा है। सुपोषण हेतु जिले के विशेषकर मानपुर, मोहला और छुईखदान विकासखंड में बच्चों में कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के लिए डीएमएफ से अतिरिक्त पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। वहीं

जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु हितग्राहियों के बीच आवश्यक जानकारी प्रचारित की जा रही है। इस दौरान लाभार्थियों को यह भी बताने का प्रयास किया जा रहा है कि शिशु के जीवन के प्रथम 1,000 दिन (गर्भ के 9 माह व जन्म के बाद 24 माह) बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इन 1,000 दिनों में शिशु कभी कुपोषित ही न हो यह सुनिश्चित करना आवश्यक होता है।

इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश ने बताया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, गर्भवती महिलाओं की पोषण जरूरतों को पूरा करने के लिए हर गर्भवती के घर पोषण टुकनी बनवा रही हैं। इसमें प्रति महीने 500-500 ग्राम चना, मूंग, मूंगफ ली, गुड़ और फूटा चना रखवा रही हैं। साथ ही चना-मूंग अंकुरित कर, मूंगफ ली भिगाकर गुड़ के साथ खाने का परामर्श दे रही हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1
मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00039 ग्राम के धनोरा नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी5106429092021019

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम धनोरा के भूमिस्वामी साक्षा रजक पिता/पति जगनंदन रजक पता- ग्राम खुरसुल पो. गब्दी तह. गुंडरदेही जिला बालोद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 565/102 (0.0128) में नामांतरण / अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/10/2021 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/10/2021 को जारी किया जाता है।

सील
नायब तहसीलदार
दुर्ग तहसील दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला कबीरधाम

ईश्तहार

न्या. कले. ईकोर्टनं. 20210908020018
अ-21/20-2021
ग्राम-तालपुर, तहसील कवर्धा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सियाराम गोड़ आ. चैतराम गोड़ निवासी तालपुर, तहसील कवर्धा द्वारा कलेक्टर महोदय कवर्धा के समक्ष आवेदन पेश किया है कि अपनी निजी भूमि स्थित ग्राम तालपुर प.ह.नं. 17 तहसील कवर्धा के ख.नं. 74/7 रकबा 0.008 हे. भूमि को गैर आदिवासी श्रवण कुमार आ. पंचूराम निवासी कवर्धा को विक्रय करने की अनुमति लेने हेतु अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 12.11.2021 को प्रातः 11.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.10.2021 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

सील
तहसीलदार
कवर्धा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-5141/NIT-21/2021-2022/वलेलि दिनांक 29/10/2021

निम्नलिखित टेंडर एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत संबंधित ब्लाक के ई-श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
21 T0185	जिला धमतरी के परिवहन कार्यालय में विद्युतीकरण कार्य, जिला धमतरी छ.ग. (ब्लाक धमतरी) प्रथम आमंत्रण	8.43
21 T0186	मूल कार्य/लघुमूल कार्य/ जमा कार्य/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत के अंतर्गत कचना सेक्शन, वि/यां (डीकेएस) मंत्रालय उपसंभाग रायपुर में विद्युतीकरण कार्य (ब्लाक-धरसींवा) प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0187	मूल कार्य/लघुमूल कार्य/ जमा कार्य/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत के अंतर्गत पहुना सेक्शन, वि/यां (डीकेएस) मंत्रालय उपसंभाग रायपुर में विद्युतीकरण कार्य (ब्लाक-धरसींवा) प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0188	मूल कार्य/लघुमूल कार्य/ जमा कार्य/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत के अंतर्गत कलेक्टोरेट सेक्शन, वि/यां (डीकेएस) मंत्रालय उपसंभाग रायपुर में विद्युतीकरण कार्य (ब्लाक-धरसींवा) प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0189	मूल कार्य/लघुमूल कार्य/ जमा कार्य/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत के अंतर्गत मेडिकल कालेज सेक्शन, वि/यां (डीकेएस) मंत्रालय उपसंभाग रायपुर में विद्युतीकरण कार्य (ब्लाक-धरसींवा) प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0190	मूल कार्य/लघुमूल कार्य/ जमा कार्य/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री निवासी सेक्शन, वि/यां कर्मशाला उपसंभाग रायपुर में विद्युतीकरण कार्य (ब्लाक-धरसींवा) प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0191	मूल कार्य/लघुमूल कार्य/ जमा कार्य/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत के अंतर्गत पेंशनबाड़ा सेक्शन, वि/यां कर्मशाला उपसंभाग रायपुर में विद्युतीकरण कार्य (ब्लाक-धरसींवा) प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0192	मूल कार्य/लघुमूल कार्य/ जमा कार्य/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत के अंतर्गत बैरनबाजार सेक्शन, वि/यां कर्मशाला उपसंभाग रायपुर में विद्युतीकरण कार्य (ब्लाक-धरसींवा) प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0193	मूल कार्य/लघुमूल कार्य/ जमा कार्य/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत के अंतर्गत सर्किट हाउस सेक्शन, वि/यां कर्मशाला उपसंभाग रायपुर में विद्युतीकरण कार्य (ब्लाक-धरसींवा) प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0193	मूल कार्य/लघुमूल कार्य/ जमा कार्य/विशेष मरम्मत/साधारण मरम्मत के अंतर्गत विधानसभा सेक्शन, लो.नि.वि. वि/यां विधानसभा उपसंभाग रायपुर (छ.ग.) में विद्युतीकरण कार्य (ब्लाक-धरसींवा) प्रथम आमंत्रण	5.00

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 12/11/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्तें :- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

जी-64874/3

जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत व नए भवन की मांग को लेकर दर-दर भटक रहे ग्रामीण

■ **36 साल पहले बना भवन जर्जर, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान**

गुंडरदेही/नवप्रदेश। गुंडरदेही ब्लॉक मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत लिमोरा के आश्रित ग्राम माड़ियापार का है। जहां ग्रामीण व पालक सहित शाला विकास समिति क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिले के कलेक्टर को 7 साल से नए स्कूल भवन की मांग करते करते थक गए। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। शाला विकास समिति अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, ग्रामीण बुधारू राम, तामराज साहू, परदेशी राम, गंगा बाई, शैलेन्द्री बाई, ओम साहू, रेमन साहू ने बताया कि ग्राम माड़ियापार में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला भवन की हालात अति जर्जर हो जाने से स्कूल खंडहर में तब्दील हो गया है। आलम यह है कि बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत लिमोरा पूर्व सरपंच कल्याण साहू ने कहा कि ग्राम मड़ियापार के जर्जर स्कूल भवन की स्थिति से शासन-प्रशासन को अवगत कराया दिया गया है। भवन के नवनिर्माण एवं मरम्मत के लिए तीन से चार बार आवेदन दे चुके है। परंतु 7 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक भवन के लिए फंड जारी नहीं हुआ है।

36 साल पुराना है स्कूल भवन : शाला विकास समिति से ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला मड़ियापार में सन 1985-86 में स्कूल भवन का निर्माण किया गया था। वर्तमान समय में भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है। छत के मलबा के साथ-साथ छत में लगे रॉड भी नीचे तक जमीन को छूने लगा है। वहीं भवन जर्जर होने के कारण 52 बच्चे अतिरिक्त कक्ष में पढ़ने को मजबूर है।

करेंगे उग्र आंदोलन

शाला विकास समिति एवं पालकों ने आक्रोशित होते हुए कहा कि प्रतिदिन जर्जर छत का मलबा नीचे गिर रहा है। ऐसे में कभी भी अचानक बड़ा हादसा हो सकता है। शासन प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद गांव में नए स्कूल भवन की स्वीकृति नहीं होना समझ से परे है। जबकि इस संबंध में आवेदन के साथ साथ समाचार पत्र के माध्यम से भी शासन प्रशासन को जानकारी दे दिए हैं। अगर विभाग द्वारा जल्द ही नए भवन के लिए प्रस्ताव नहीं बनाया गया, तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन करेंगे, साथ ही स्कूल में तालाबंदी करेंगे। हम छोटे-छोटे बच्चों की जान को जोखिम में नहीं डाल सकते।

भाजपा ने हिंसा फैलाई इसलिए नेता शांति की अपील नहीं करते : नीलू

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नींलु चंद्रवंशी ने प्रेसवार्ता कर कहा कि कवर्धा में हुए झंडा विवाद के बाद जन-जीवन सामान्य हो रहा है। सभी लोग दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार की तैयारियों में जुटे हुए है, बाजार में रौनक भी नजर आ रही है। लेकिन प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभा रही भाजपा के नेताओं के दौरे थम नहीं रहे है। 29 अक्टूबर को भी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुवदेव साय, अपने साथ सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय सहित अन्य नेताओं को लेकर कवर्धा पहुंचे थे। भाजपा नेताओं ने प्रेस कान्फ्रेंस लेकर कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाने से भी परहेज नहीं किया। इसे लेकर कांग्रेस ने भाजपा को कवर्धा में अशांति फैलाने के लिए जि मेदार बताया और भाजपा नेताओं पर जोरदार प्रहार किया है। कबीरधाम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीलकंठ चन्द्रवंशी ने आज प्रेस कान्फ्रेंस लेकर भाजपा से कई सवाल पूछे। उन्होंने कहां कि कवर्धा एक शांत शहर है जिसे भाजपा अशांत करना चाहती है। उन्होंने कहा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साय समेत भाजपा के अन्य नेता कवर्धा पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने शांति की अपील क्यों नहीं की। नीलू ने यह भी कहां कि भाजपा के नेता शांति की अपील नहीं करते है। इसका कारण यह है कि कवर्धा में हुए विवाद के लिए पूरी तरह से भाजपा ही जिम्मेदार है। दो लोंगों के आपसी विवाद को भाजपा ने अपने राजनैतिक लाभ के लिए सांप्रदायिक रंग दिया। कवर्धा और कबीरधाम जिले के बाहर से असामाजिक तत्वों को कवर्धा लाकर हिंसा फैलाई, माहौल को अशांत किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलायी गई शपथ

राजनांदगांव। देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं पूर्व गृह मंत्री भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रविवार को कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने शपथ दिलायी। देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का सभी ने सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर इंदिरा देवहारी, उप संचालक कृषि जीएस ध्रुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी एचआर सोम, उप संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक एवं नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी देवेश सिंह, कार्यक्रम सहायक नेहरू युवा केन्द्र मोहन लाल सोनी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक उपस्थित थे।

राज्योत्सव के मुख्य अतिथि होंगे विधायक अरूण वोरा

राजनांदगांव। राज्योत्सव के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ आज मुख्य अतिथि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरूण वोरा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव शाम 6 बजे किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए विभागों द्वारा स्टाल लगाए जाएंगे।

100 करोड़ देशवासियों को लगा टीका, भाजपा ने स्वास्थ्यकर्मियों का किया सम्मान

खरोरा/नवप्रदेश। 100 करोड़ देशवासियों का टीकाकरण पूर्ण होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पचरी व आलेसुर के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों का अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं केन्द्रीय रेलवे बोर्ड भारत शासन के सदस्य डॉ गुलाब सिंह टिकरिहा ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है और वैश्विक महामारी कोविड- 19 के लगभग 18 महीने के संक्रमण काल में विश्व का हर व्यक्ति इस वैश्विक त्रासदी के दौरान अपने-अपने स्तर पर जीवन रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा था। ऐसे संकट के दौर में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने घर परिवार यहां तक जीवन की परवाह न करते हुए लाखों लोगों की प्राण रक्षा की है। जहां व्यक्ति संक्रमित होने की आशंका से अपनों से भी दूरी बनाने विवश था वहीं ये फ्रंट लाइन वर्कर अपनी जिंदगी दाँव पर लगाकर लोगों की जानें बचाई यहां तक कई चिकित्सकों ने अपने प्राणों की आहूति भी दे दी, उनके त्याग, सेवा और समर्पण को वन्दन करते हुए उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व बनता है कि इनकी हौसला अफ जाई के लिए इनके प्रति सदैव सम्मान का भाव रखें। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया के सबसे बड़े विकासशील लोकतांत्रिक राष्ट्र में व्यापक स्तर पर टीकाकरण एक बड़ी चुनौती थी। आज हमने जनजागरूकता के चलते 100 करोड़ लोगों के टीकाकरण पूर्ण करने का एक बड़ा लक्ष्य प्राप्त करने में सफ लता पाई है और ये संभव हो पाया है।

साल भर पहले आरक्षक पर 15 हजार मांगने का लगाया था आरोप, अब अवैध शराब के साथ पकड़ाया ग्रामीण

बालोद/नवप्रदेश। अगस्त 2020 जब बालोद पुलिस की टीम द्वारा घुमका में एक घर के बाहर छापा मारकर शराब बरामद की थी और आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। इस मामले में उस वक्त बड़ा बवाल मच गया जब आरोपी द्वारा उल्टा पुलिस पर यह आरोप लगा दिया गया था कि उसे छोड़ने के एवज में पुलिस द्वारा 15 हजार की रिश्वत मांगी जा रही है। खाकी पर दाग लगाने वाला ये शख्स उस समय चर्चा का विषय रहा और इसकी शिकायत पर बालोद थाने में पदस्थ आरक्षक लवण राजपूत को लाइन अटैच भी कर दिया गया था। आरक्षक ने आरोपों को निराधार बताया था तो वहीं आरोपी ने गृह मंत्री, आईजी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष के साथ-साथ एसपी को भी ज्ञापन देकर शिकायत की थी। उस समय भी आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट का केस दर्ज हुआ पर वह यह कह कर खुद को निर्दोष बताता था कि मैंने शराब बेचने के लिए नहीं बल्कि अपने मजदूरों को पिलाने के लिए घर में रखा था। पर आज उस आरोपी की हकीकत सामने आ ही गई कि वह क्या करता था। दरअसल में 1 साल पहले जिसे पुलिस ने पकड़ा था और जिसने पुलिस पर कीचड़ उछाला था। आज फिर वहीं घुमका का अनिल कुमार शराब का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। इस बार 20 नहीं बल्कि 30-30 पव्वा देसी शराब बरामद हुई है। जो कि बालोद के ही शराब दुकान से खरीद कर दैहान जंगल के रास्ते घुमका की ओर जा रहा था। मुखबीर से सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने घेराबंदी करके उसे जंगल के रास्ते में ही पकड़ा। उससे टीवीएस दुपहिया व शराब जप्त की गई। तलाशी ली गई तो 30 पव्वा शराब निकला।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा पात्र एवं युवा मतदाताओं (आयु वर्ग 18-19 के युवा नागरिकों) के पंजीयन के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी 2022 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश क्षीरसागर ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2022 कार्यक्रम के अंतर्गत 01 नवंबर 2021 को जिला गरियाबंद अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54-राजिम के 274 मतदान केन्द्रों तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 55-बिन्द्रानवागढ़ के 299 मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के तहत 01 नव बर 2021 (सोमवार) से 30 नव बर 2021 तक मतदान केन्द्रों में दावा/आपत्ति प्राप्त किये जाएंगे। इस दौरान मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे। जिनके पास आवेदन जमा किये जा सकते है।

खिलाड़ियों ने गोल्ड और सिल्वर मैडल जीते

खरोरा/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय शालेय 2021 आर्म रेस्लिंग प्रतियोगिता 27 से 29 अक्टूबर तक मुंगेली में आयोजित हुई थी जिसमें रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए भरत देवांगन शाउमा विद्यालय खरोरा के चार खिलाड़ियों का सलेक्शन हुआ था जिसमें 02 खिलाड़ी मैडलिस्ट रहे। बालक-55 किलो वजन समूह में धनंजय गेंडेरे गोल्ड मैडल प्रथम स्थान रहा। बालिका में 70 किलो वजन में दामनी धीवर सिल्वर मैडल द्वितीय स्थान रही। इसी तरह तवा फेंक, हैमर थ्रो, पैदल चाल में भी दो छात्रों का स्टेट में चयन हुआ है।

दिवाली पर जाम से मुक्ति के लिए अस्थाई पार्किंग व चारपहिया वाहनों की नो एंट्री

सड़क पर पार्किंग तो कटेगा चालान, ट्रैफिक जाम से निपटने पुलिस ने की प्लानिंग

कवर्धा/नवप्रदेश। त्यौहारी सीजन शुरू हो गया है और अब बाजार में रौनक लौटने लगी है। ऐसे में बाजार में ट्रैफिक जाम न हो इसके लिए ट्रैफिक शाखा ने नया प्लान बनाया है। दिवाली तक ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए कई स्थानों पर अस्थायी पार्किंग होगी। वहीं मेन मार्केट लाइन पर गुरुनानक गेट से ऋषभदेव तक चारपहिया वाहनों की एंट्री बैन रहेगी। त्यौहार पर शहर व बाजार में भीड़, आपाधापी एवं ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए प्लान तैयार हो चुका है। खास बात यह है कि पार्किंग बंदोबस्त के बावजूद सड़क पर गाड़ियां खड़ी करने पर पुलिस चालान काटेगी। इसलिए शहरवासी या ग्रामीण क्षेत्रों के लोग खरीदारी के लिए अगर कवर्धा आ रहे हैं तो चौकन्ना रहें। कवर्धा के मेन मार्केट लाइन गुरुनानक गेट से ऋषभदेव चौक तक चारपहिया वाहन की एंट्री पर रोक रहेगी। प्लान के मुताबिक शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल शॉपिंग कांप्लेक्स परिसर, निर्माणाधीन ट्रैफिक प्लाजा कांप्लेक्स, पुरानी कृषि मंडी परिसर, पुराना नगर पालिका परिसर में अस्थाई पार्किंग बनाए हैं। वहीं नवीन बाजार स्थित पार्किंग स्थल पहले से ही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे का कहना है कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए रोड प्लान तैयार किया जा चुका है, जल्द ही इसे लागू करेंगे।

56 सीसी कैमरे, कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

शहर में चौक-चौराहों और मुख्य सड़कों पर 56 क्लोज सर्किट कैमरे लगे हैं, जो पुराना पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम से जुड़े हैं। इन कैमरों के जरिए पूरे शहर की निगरानी होगी। त्यौहार के दौरान घटनाओं को रोकने कंट्रोल रूम से बाजार व चौक-चौराहों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

सुरक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा जवान तैनात

त्यौहार पर बाजार में जुटने वाली भीड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा पुलिस बल की फिक्स ड्यूटी लगाई जाएगी। ये पुलिसकर्मी नवीन बाजार, मेन मार्केट व सराफा बाजार में तैनात रहेंगे। पुलिस पैदल गश्त भी करेगी, जो पूरे शहर में घूमती रहेगी। मुख्य सड़कों पर बैरिकेड्स लगाए जाएंगे।

बमुश्किल 1 घंटा के बिजली में हजारों रुपए का बिल पर सवाल

देवभोग। 24 घंटा मे बमुश्किल 1 घंटा का बिजली देकर हजारों रुपए बिल वसूलने का सिलसिला थामने का नाम नहीं ले रहा है ।मतलब वर्तमान के आर्थिक मंदी के दौरान भी बिजली विभाग ठेका कंपनी द्वारा आम गरीब लोगो के जेब पर डाका डाला जा रहा है ।ऐसा ही ग्राम पंचायत करला गुड़ा के आश्रित ग्राम बंदपरा में देखने को मिल रहा है। गांव के बिहारी लाल साहू निमां सोरी बन बिहारी बीसी चमन बीसी हेमचंद नागेश के अनुसार माह के अधिकांश दिन डी ओ खराब होने के चलते बिजली गुल होती है।जिसकी सूचना देने और काफी मशक्कत करने के बाद हर दो-तीन दिन के अंतराल में बिजली कर्मचारी बनाने पहुंचते हैं । जो ज्यादा दिनों तक टिक नही पाता। इसके अलावा थोड़ी बहुत बिजली होने पर भी लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता है वोल्टेज इतनी लो होती है। कि कूलर पंखा टीवी तो दूर की बात है। बल्ब तक नहीं जल पाता बावजूद इसके 5000 से लेकर 22000 तक की बिजली बिल भेजी जा रही है। जिसकी जानकारी आम ग्राहकों द्वारा लेने पर विभागीय अफसर मीटर समस्या बता कर अपने हाथ खड़े कर देते हैं । शायद यही वजह है कि अनभिज्ञ ग्रामीण हजारों रुपए मजबूर होते हैं। जिससे ना विभागीय जिम्मेदार अधिकारी कोई सरोकार रखते हैं । और ना ठेका कंपनी द्वारा मीटर पर सुधार किया जाता है ।जिसका सीधा सीधा खामियाजा महीनों महीनों बिजली बिल पर आम ग्राहकों को भरना पड़ता है। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि टीवी कुलर जैसे अन्य यंत्र का उपयोग नहीं होने के बाद भी गरीब ग्राहकों के घरों पर हजारों का बिल भेजा जाता है। जिससे मुख्यालय से लेकर जिला कार्यपालन अभियंता भी अच्छी तरह अवगत होते हैं। लेकिन कार्यवाही तो दूर की बात है। समस्या तक नहीं सुना जाता कभी मजबूरी बस गरीब ग्राहकों को हजारों रुपए का बिल बताना पड़ रहा है ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ मॉडल की...

उन्होंने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को जिताने के लिए तन-मन-धन झोंक दिया है। प्रियंका की प्रतिज्ञा रैली से पहले गोरखपुर में भी जिस तरह बघेल के बड़े-बड़े पोस्टर और होर्डिंग लगे हैं और उन्हें पिछड़ा वर्ग के हितों का संरक्षक बताया जा रहा है उससे स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश की जातीय समीकरणों वाली राजनीति में कांग्रेस भी अपना गणित दुरुस्त करने में जुट गई है।

यूपी में कुर्मी वोट को ...

अपना वोट बैंक रही पिछड़ी जातियों, अल्पसंख्यकों और दलितों को दोबारा जोडऩे की पुरजोर कोशिश कर रही और इस काम में अब वो भाजपा के साथ मुख्य विपक्षी सपा-बसपा या किसी अन्य दल पर भी हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही। इसी वजह से पार्टी अब अलग-अलग जातियों और वर्गों के अपने क्षत्रपों को यूपी के मैदान में उतारने लगी है।

बघेल टीम दे रही ...

के घर में बुलडोजर चलाने लगे? आप योगी आदित्यनाथ हैं या बुलडोजर नाथ हैं? राजनीति के जानकारों का कहना है कि कड़ी भाषा का इस्तेमाल कर बघेल की कोशिश चुनावी शोर में मीडिया और मतदाताओं का ज्यादा से ज्यादा ध्यान खींचने की है ताकि वे नाम का इस्तेमाल पार्टी के समीकरणों को दुरुस्त करने में कर सकें।

चर्चित जुड़वां भाइयों ...

वर्षीय जुड़वां भाई शिवराम और शिव नाथ का जन्म सन 2000 में हुआ था. बताया जाता है कि इनके जैसे अनूठी शारीरिक बनावट के पूरे देश मे कही जन्म नहीं हुआ था जिसके कारण लोग इन्हें देखने दूर दूर से आते थे.

इधर, जुड़वां भाइयों की मौत के बाद इलाके में शोक की लहर है. घटना के बाद पुलिस मौके पर कई घंटों के इंतजार के बाद पहुंची. ग्रामीण आखिर मौत की वजह जानना चाहते थे लेकिन इस संदेहास्पद मौत का राज अब राज ही रह जाएगा. मीडिया के दखल के बाद जैसे-तैसे चौकी प्रभारी बीके सोम शमशान घाट पहुंचे जहां डेड बॉडी की शिनाख्त करने खुद ही डॉक्टर बन गए और मीडिया को ही डॉक्टर बन दोनों की नेचुरल डेथ करार देकर मामला रफादफा कर दिया. उन्होंने एक बार भी पोस्टमॉर्टम करवाकर मौत की असली वजह जानने की कोशिश तक नहीं की. हालांकि घर वालों का ये भी कहना है कि 1 दिन पहले दोनों बुखार हुआ था लेकिन अचानक से हुई मौत के बाद पूरा मामला ही संदिग्ध हो गया है.

मौत की असल वजह सामने नहीं आ पाई

हालांकि, शिवनाथ और शिवराम चर्चित होने के साथ साथ नशे के भी आदी हो गये थे. उनकी मौत को नशे से भी जोड़कर देखा जा रहा है लेकिन पोस्टमॉर्टम न होने से मौत की असल वजह सामने नहीं आ पाई. मौत की वजह अब तक ग्रामीणों के हलक से नीचे उतर नहीं पा रही है.

आपको बता दें कि शिवराम और शिवनाथ जुड़वां भाइयों की स्टोरी कई नेशनल और इंटरनेशनल टीवी शो में चली थी. स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इन भाइयों पर रिसर्च भी की थी. कई बार दोनों को शरीर से अलग करने की भी बात सामने आई थी, लेकिन शारीरिक बनावट की जटिलताओं की वजह से उन्हें अलग नहीं किया जा सका.

प्रदेश के स्कूलों में ...

जीवन को गांधी जी के ही विचारों ने गढ़ा था।

इन विभूतियों की स्मृतियों से जुड़ी तारीख 31 अक्टूबर को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके प्रेरणा-पुरुष महात्मा गांधी के विचारों के माध्यम से से राज्य के बच्चों में सामाजिक एकता और समरसता की भावना को मजबूत किया जाएगा। पूरी दुनिया में बदलते हुए सामाजिक-राजनैतिक परिवेश में गांधी जी के प्रिय भजनों की प्रासंगिकता और बढ़ गई है।

आज आवश्यकता इस बात है कि इन भजनों की मूल भावना को आत्मसात करते हुए उन्हें जीवन में अपनाया जाए। राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द्र भारत का मूल स्वभाव है। राजनीति को सेवा का माध्यम बनाने के लिए हम सब का कर्तव्य है कि अभाव ग्रस्त, पीड़ितों, दीन-दुखियों की पीड़ा को महसूस कर उनकी हर संभव सहायता करें।

क्रूज ड्रग्स केस को ...

मर्चेंट और फैशन मॉडल मुनमुन धमेचा के साथ, मुंबई तट पर एक क्रूज जहाज पर ड्रग छापे के दौरान गिरफ्तार किए जाने के 25 दिन बाद, बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को जमानत दे दी थी।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ...

करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें एवं प्रदेश और देश की प्रगति में सहभागी बनें।

वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को एक नवम्बर राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी है। सीएम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ अपने निर्माण का 21 वां वर्ष पूर्ण कर 22 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। हमारा युवा छत्तीसगढ़ ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। इस ऊर्जा का सही दिशा में इस्तेमाल करते हुए हमें छत्तीसगढ़ राज्य को एक मॉडल राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' का संकल्प लेकर मजूबत इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, संस्कार और संसाधनों को संरक्षित और सवंर्धित करने के साथ ही सुलभ और सुचारू प्रशासन व्यवस्था लागू करने की दिशा में कदम उठाए हैं। विकास प्रदेश के हर कोने और हर व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए नई प्रशासनिक ईकाइयों का गठन किया गया है।

राम का विरोध करने ...

तक पहुंचाया गया है. हमने राम का नाम गरीबों के काम के साथ जोड़कर आगे रखा. राम का नाम सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि गरीबों की सेवा के लिए है. कार्यक्रम में यूपी सीएम ने बाबरी ढांचे को गुलामी का ढांचा बताया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021



मा. टी.एस.सिंह देव जी

मंत्री

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यन्वयन, वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.) छ.ग.शासन

के **जन्मदिवस** पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

परिचय

नाम	-	श्री त्रिभुनेश्वर शरण सिंह देव (टी.एस.बाबा)
पिता का नाम	-	महाराजा स्व. मदनेश्वर शरण सिंह देव
माता का नाम	-	राजमाता स्व. देवेन्द्र कुमारी सिंह देव
जन्म तिथि	-	31 अक्टूबर 1952
जन्म स्थल	-	इलाहाबाद (उ.प्र.)
शिक्षा	-	स्कूली शिक्षा - बिशप कॉटन स्कूल, शिमला व हाई स्कूल सिंधिया स्कूल, ग्वालियर (आई.एस.सी. बोर्ड)
कॉलेज	-	स्नातक (इतिहास), हिन्दू कॉलेज नई दिल्ली, स्नातकोत्तर (इतिहास), हामीदिया कॉलेज, भोपाल (मध्यप्रदेश)
प्रिय भोजन	-	कम मसालेदार वेज-नॉनवेज (हलवा प्रिय मिष्ठान)
प्रिय अभिनेता	-	दिलीप कुमार, देवानंद एवं अमिताभ बच्चन
प्रिय अभिनेत्री	-	मधुबाला, परवीन बॉबी, माधुरी दीक्षित
पसंदीदा गीत	-	ये दुनिया अगर मिल भी जाये जो क्या है... (फिल्म प्यासा)
पहनावा	-	सफेद कुर्ता-पायजामा, हल्के नीले रंग व क्रीम कलर का कुर्ता काफी पसंद है।
लेखक	-	बर्टेन्ड रसेल, अयान रैंड की पुस्तकें पसंद है। वहीं विवेकानंद साहित्य में अत्यधिक रूचि है।

उपलब्धियां-

- नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, अधूरे मेडिकल कॉलेजों का निर्माण
- कोरोना महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ में कहीं भी बेड, ऑक्सीजन और जीवन रक्षक दवाइयों की कमी नहीं होने दी।
- 500 चिकित्सकों और 3500 नर्सिंग स्टाफ की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की।
- अंबिकापुर में "डॉक्टर फार यू "की टीम ने कोरोना महामारी में बेहतर उपचार का कीर्तिमान रचा। पड़ोस के राज्यो से लोगो ने छत्तीसगढ़ आकर उपचार कराया।
- कोविड रोधी टीकाकरण रायगढ़ जिला देश में अव्वल।
- हमर गांव, हमर अस्पताल के माध्यम से शहर के 80 एवं गांव के 20 केंद्र का चयन कर वहां ओपीडी की सुविधा।
- महिलाओं के लिए डेडिकेटेड "दाई दीदी क्लीनिक का संचालन, जहां महिला स्टाफ द्वारा ही महिलाओं का उपचार किया जाता है।
- मोबाइल मेडिकल यूनिट से हाट बाजार में उपचार एवं मुफ्त दवाइयों की सुविधा मिली।
- अस्पतालों में अधोसंरचना और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की।
- प्रदेश भर में पंचायतों का पुनर्गठन कर 704 नवीन पंचायत बनाए गए।सभी के लिए नए पंचायत भवन स्वीकृत।
- ग्राम सभा सदन, महिला सामुदायिक भवन का निर्माण एवं पंचायतों को करोड़ों का बजट मिला। अब गांव वाली की सहमति से गांव के विकास को नई दिशा मिली है।
- पेशा कानून के लिए प्रदेश भर में आदिवासी बंधुओं से बात कर कानून का ड्राफ्ट तैयार कर सभी विभागों को अभिमत हेतु भेजा गया है। शीघ्र ही पेशा कानून लागू किया जाएगा।
- पंचायत एक्ट में संशोधन कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक कथा जनपद जिला पंचायतों में 2-2 निशक्त सदस्यों की नियुक्ति की राह हुई आसान।
- सभी पंचायतों के कंप्यूटरीकरण और डिजिटल सिग्नेचर से भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ को दो बार "ई-पंचायत" पुरस्कार मिला।
- बेहतर कार्य के लिए प्रदेश के 1 जिला दो जनपद एवं 5 ग्राम पंचायतों को "दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार"
- महिलाओं बच्चों और दुर्बल वर्ग के लिए बेहतर कार्य हेतु "नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्रामसभा पुरस्कार मिला"
- उत्कृष्ट ग्राम पंचायत विकास के लिए छत्तीसगढ़ "ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार" से सम्मानित हुआ।
- कुपोषण हटाने के लिए "राष्ट्रीय बाल हितैषी पुरस्कार"
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की गुणवत्ता के लिए छत्तीसगढ़ देशभर में लगातार पहला स्थान हासिल करता रहा है।
- मनरेगा में सर्वाधिक कार्य दिवस का रोजगार दिलाने में छत्तीसगढ़ देश मे अव्वल।

विनीत-समस्त कांग्रेसजन, छत्तीसगढ़

न्याय के साथ प्रगति, सशक्तिकरण एवं स्वाभिमान के नए अध्याय लिख रहा छत्तीसगढ़

राज्य स्थापना दिवस के गाड़ा गाड़ा बधई अउ शुभकामना

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

राज्योत्सव एवं राज्य अलंकरण समारोह

1 नवम्बर, 2021 | सायं 06 बजे | साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर

मुख्य अतिथि
सुश्री अनुसुईया उइके
माननीया राज्यपाल, छत्तीसगढ़

अध्यक्षता
श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

दीपावली की खुशियां दोगुनी, दीप जलेंगे 'न्याय' के

राज्योत्सव के मौके पर राज्य के किसानों को कृषि आदान सहायता राशि की तीसरी किस्त

राजीव गांधी किसान न्याय योजना

लाभांवित किसान	अनुदान राशि
20.53 लाख	₹1500 करोड़

का हस्तांतरण 1 नवम्बर 2021 को

अब तक की भुगतान राशि

वित्तीय वर्ष 2021-22 प्रथम एवं द्वितीय किस्त : ₹3048 करोड़
वित्तीय वर्ष 2020-21 : ₹5702 करोड़



22 वां छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस राज्योत्सव-2021

आप सादर आमंत्रित हैं

संवाद - 30397